
**सुविचार**
छल करोगे तो छल मिलेगा
आज नहीं तो कल मिलेगा
अगर जियोगे जिंदगी सच्चाई से
तो सुकून हर पल मिलेगा।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Thursday, 03 August 2023 ● Year : 01 ● Issue : 198 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com


08
मेरी जान को खतरा है : कंगना रनौत

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 65,782.78 |
| निफ्टी | : | 19,526.55 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,645 |
| चांदी | : | 80.03 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### देश में महिला नेतृत्व वाला विकास हमारी प्रमुख प्राथमिकता : मोदी

**NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि महिलाओं के नेतृत्व वाला विकास भारत सरकार की एक प्रमुख प्राथमिकता रही है। महिला सशक्तिकरण पर जी20 मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने अपने वीडियो संदेश में यह बात कही। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं समृद्ध होती हैं तो दुनिया समृद्ध होती है। उनका आर्थिक सशक्तिकरण विकास को बढ़ावा देता है, शिक्षा तक उनकी पहुंच वैश्विक प्रगति को बढ़ावा देती है। उनका नेतृत्व समावेशिता को बढ़ावा देता है और उनकी आवाजें सकारात्मक बदलाव को प्रेरित करती हैं।

### राहुल गांधी ने SC से सजा पर रोक लगाने की मांग की, हलफनामा दायर

**NEW DELHI :** मोदी सरनेम मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया है। जिसमें उन्होंने टिप्पणी पर माफी मांगने से साफ इनकार कर दिया है। राहुल गांधी ने अपने हलफनामा में कहा कि उन्होंने हमेशा कहा है कि वह अपराध के लिए दोषी नहीं हैं और इसलिए उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगाया जाए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ने सुप्रीम कोर्ट में दायर हलफनामे में साफ कर दिया है कि टिप्पणी के लिए माफी मांगने का सवाल ही नहीं उठता है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उन्होंने हमेशा कहा है कि वह अपराध के लिए दोषी नहीं हैं और दोषसिद्धि टिकाऊ नहीं है। अगर उन्हें माफी मांगनी होती और अपराध को कम कराना होता, तो उन्होंने बहुत पहले ही ऐसा कर लिया होता।

### जातीय गणना मामले में बिहार सरकार ने SC में दाखिल की कैविएट

**PATNA :** बिहार में जातीय गणना मामले में बिहार सरकार अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। बिहार सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कैविएट अर्जी दाखिल की है कि बिना बिहार सरकार का पक्ष सुने बिना सुप्रीम कोर्ट कोई और आदेश जारी न करे। दरअसल, बीते कल ही पटना हाईकोर्ट में बिहार में जातीय गणना के मामले में बिहार सरकार को राहत देते हुए जातीय गणना जारी रखने का आदेश दिया गया था। जातीय गणना को लेकर कल ही बिहार सरकार को पटना हाई कोर्ट से राहत मिली थी।


# लेबनान के आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह को रांची से ट्रांसफर किए गए 1.33 करोड़ रुपये

## साइबर अपराधियों ने किया खेल, धुर्वा के नवीन को बनाया शिकार, CID कर रही जांच

**CRIME REPORTER RANCHI :** रांची में धुर्वा थाना क्षेत्र के रहने वाले नवीन कुमार वर्मा नाम के व्यक्ति से 1.33 करोड़ की ठगी हुई है। इस मामले की जांच सीआईडी की साइबर सेल कर रही है। मामले की जांच के दौरान पता चला है कि साइबर अपराधियों के द्वारा ठगी किए गए रुपए को लेबनान स्थित आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह द्वारा संचालित खाते में भी भेजी गई।

**क्या है पूरा मामला :** रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र में रहने वाले क्रिप्टो करेंसी बाजार के निवेशक नवीन कुमार वर्मा से जमा राशि बढ़ाने के नाम पर उनसे 1.33 करोड़ की ठगी कर ली गई है। इस संबंध में नवीन ने सीआईडी साइबर थाने में शिकायत दर्ज करायी है। नवीन ने साइबर क्राइम ब्रांच को बताया कि ट्रेडिंग के दौरान जब उनका फंड एक लाख 47 हजार 68 (यूएस डॉलर) था। उस समय कंपनी के चीफ एनालिस्ट मि. मार्क द्वारा उन्हें यह प्रस्ताव दिया गया कि वह पांच प्रतिशत कमीशन पर तीन दिन का कॉन्ट्रैक्ट उनके साथ करते हैं तो वह उनकी जमा राशि को काफी अधिक बढ़ा देंगे। इसके बाद नवीन ने मार्क के साथ तीन दिन का कॉन्ट्रैक्ट किया। जिसके बाद जमा राशि बढ़कर एक लाख 95 हजार 28 यूएस डॉलर हो गयी।

इस समझौते के मुताबिक, नवीन ने मार्क को उसका कमीशन भी दिया, लेकिन जब वह 52 हजार यूएस डॉलर की निकासी करने गया, मगर राशि की निकासी नहीं हुई। इसके बाद उसने मार्क से संपर्क भी किया, तब उन्हें समझ में आ गया कि उनके साथ साइबर ठगी हुई थी। इसके बाद वह सीधे साइबर थाना पहुंचे और शिकायत दर्ज कराया। मामला सामने आने के बाद साइबर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



### नुकसान होने पर 50 प्रतिशत भरपायी का देता था निवेशकों को आश्वासन

नवीन के अनुसार, उसने ट्रेड पीसीपी कॉइन नाम की वेबसाइड के जरिए ट्रेडिंग शुरू की थी। इसमें पहले उसने यूपीआई के जरिए खाते में पैसे ट्रांसफर किए। इसके बाद यूएसडीटी (क्रिप्टो करेंसी) खरीदा। इस तरह उसने 1.33 करोड़ रुपए के 1.42391 लाख क्रिप्टो करेंसी की खरीदारी की, इसके बाद उसे ए16जेड कंपनी के एनालिस्ट ने व्हाट्सएप ग्रुप पर बिटकॉइन के भाव घटाने या बढ़ाने को लेकर ऑफर दिया। उसने बताया कि कंपनी व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए निवेशकों को राशि बढ़ाने के माध्यम से सुझाव देती थी। वहीं कंपनी ने निवेशकों को वित्तीय हानि पर 50 प्रतिशत नुकसान की भरपायी करने का आश्वासन भी देती थी।

# विष्णु अग्रवाल पांच दिन की ईडी REMAND पर

## पूछताछ में सामने आ सकते कई बड़े राज

**CRIME REPORTER RANCHI :** कारोबारी विष्णु अग्रवाल को पांच दिनों की रिमांड पर भेजा गया है। जमीन घोटाला मामले में ईडी ने पूछताछ के बाद विष्णु अग्रवाल को सोमवार को देर रात रात गिरफ्तार कर लिया था। आज विष्णु अग्रवाल की रिमांड पर सुनवाई हुई जिसमें ईडी को पांच दिनों की रिमांड मिली है। बुधवार को ईडी के वकील ने कोर्ट से यह आग्रह किया कि विष्णु अग्रवाल को 7 दिनों तक रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की इजाजत दी जाये। ईडी द्वारा रिमांड मांगे जाने का विष्णु अग्रवाल के अधिवक्ता ने विरोध किया लेकिन ईडी की ओर से मौजूद विशेष लोक अभियोजक रमित सतेंद्र ने अदालत को बताया कि लैंड स्कैम से जिन लोगों को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है, उनमें विष्णु अग्रवाल भी शामिल हैं। ईडी के वकील ने बताया कि इनसे रिमांड में लेकर पूछताछ के बाद कई बड़े नाम सामने आ सकते हैं। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने विष्णु अग्रवाल को 5 दिनों के लिए ईडी रिमांड की मंजूरी दे दी।



# छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की आंच अब झारखंड तक

## नोएडा में दर्ज हुई प्राथमिकी, बाबूलाल बोले- राज्य में हुआ अरबों का खेल

**CRIME REPORTER RANCHI :** शराब घोटाले के जांच की आंच अब झारखंड में भी पहुंच रही है। छत्तीसगढ़ में नकली प्रिज्म होलोग्राम को लेकर नोएडा के कासना थाने में प्राथमिकी दर्ज हुई। इस प्राथमिकी में झारखंड का भी जिक्र है। इससे कई सवाल खड़े होते हैं क्या नकली होलोग्राम का खेल झारखंड में भी हुआ? थाने में दर्ज प्राथमिकी में झारखंड में भी उसी कंपनी द्वारा होलोग्राम छापे जाने की आशंका जताई गयी है। उत्तर प्रदेश द्वारा यह एफआईआर छत्तीसगढ़ के ईडी द्वारा दिए गये पीएमएलए कोर्ट के आदेश के बाद किया गया है। एफआईआर में दर्ज झारखंड के जिक्र के बाद अब इस मामले के जांच की आंच झारखंड तक पहुंची है और इससे राज्य के उत्पाद विभाग के अफसरों की परेशानी बढ़ सकती है। छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में कई अधिकारी रडार में है छत्तीसगढ़ के विशेष सचिव अरुणपति त्रिपाठी, उत्पाद आयुक्त निरंजन दास, आइएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, प्रिज्म होलोग्राम के विधु गुप्ता और अनवर ढेबर को अभियुक्त बनाया गया है। प्राथमिकी में कहा गया कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में प्रिज्म होलोग्राम की अहम भूमिका थी। अब यही सिरा झारखंड में भी मिल रहा है। छत्तीसगढ़ में नकली होलोग्राम छाप कर शराब की समानांतर व्यापार चलाने से राज्य सरकार को 1200 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। झारखंड में शराब घोटाले को लेकर विपक्ष सवाल खड़ा करता रहा है। झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पहले भी ट्वीट कर निशाना साधा और संभावना जताई कि झारखंड में भी शराब घोटाला हुआ है। इसकी जांच की जानी चाहिए। अपने ताजा ट्वीट में बाबूलाल ने लिखा, छत्तीसगढ़ के तीन अफसरों और रायपुर मेयर के भाई के विरुद्ध ग्रेटर नोएडा में मुकदमा दर्ज हुआ है। आरोप है कि यहीं से फर्जी होलोग्राम बनाकर छत्तीसगढ़ और झारखंड में अवैध शराब का कारोबार चल रहा था।



### लैंड स्कैमः प्रेम प्रकाश से जेल में दो दिनों तक पूछताछ करेगी ईडी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी प्रेम प्रकाश से जेल में दो दिनों तक पूछताछ करेगी। कोर्ट ने इसकी इजाजत दे दी है। रांची प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की स्पेशल कोर्ट में ईडी ने आवेदन देकर यह अनुमति मांगी थी कि खनन घोटाला से जुड़े केस में जेल में बंद अभियुक्त प्रेम प्रकाश से पूछताछ की अनुमति दी जाये। ईडी के आवेदन को स्वीकार करते हुए कोर्ट ने प्रेम प्रकाश से जेल में पूछताछ की इजाजत दे दी है। प्रेम प्रकाश से एऊलैंड स्कैम केस में पूछताछ करेगी। यह पूछताछ 3 और 4 अगस्त को रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में होगी, जहां प्रेम प्रकाश न्यायिक हिरासत में है। उम्मीद की जा रही है कि इस पूछताछ में नए खुलासे हो सकते हैं।

### आर्ट डायरेक्टर नितिन देसाई ने अपने स्टूडियो में लगाई फांसी



**MUMBAI :** जाने-माने आर्ट डायरेक्टर नितिन देसाई ने बुधवार सुबह खुदकुशी कर ली। उनके मैनेजर ने बताया कि उन्होंने मुंबई के नजदीक कर्जत में अपने एनडी स्टूडियो में सुबह करीब 3.30 बजे फांसी लगाई। उनकी उम्र 58 साल थी। वे अपना ज्यादातर वक्त इसी स्टूडियो में बिताते थे। पुलिस सूत्रों ने भास्कर को बताया कि देसाई मंगलवार रात 10 बजे अपने कमरे में चले गए थे। आज सुबह काफी देर तक जब वो बाहर नहीं आए तो उनके बॉडी गार्ड और दूसरे लोगों ने दरवाजा खटखटाया। खिड़की से देखा गया तो देसाई का शव पंखे से लटका हुआ था। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में पुलिस ने अब तक 10 लोगों के बयान दर्ज किए हैं। आत्महत्या की 2 वजहें सामने आ रही हैं। एक आर्थिक तंगी, दूसरी मेडिकल प्रॉब्लम। हालांकि अब तक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।

# झारखंड विधानसभा में भिड़े BJP-JMM MLA

## ढुलू और सुदिव्य ने एक-दूसरे को ललकारा

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र जारी है। बुधवार को सदन के भीतर बाघवारा से भारतीय जनता पार्टी के विधायक ढुलू महतो और झामुमो के सुदिव्य कुमार सोनू भिड़ गए। हालात ऐसे थे कि मारपीट की नौबत आ गई। सदन के भीतर दोनों ने एक-दूसरे को ललकारा। बाहें चढ़ा लीं। साथी विधायकों ने बीच-बचाव किया। संसदीय कार्यमंत्री सह ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री आलमगीर आलम ने इस पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि सदन के भीतर माननीय जनप्रतिनिधियों का यह व्यवहार अस्वीकार्य है और निंदनीय है। जब विधायक ढुलू महतो और सुदिव्य कुमार सोनू के बीच मारपीट की नौबत आ गई तो स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने बीच-बचाव किया। उन्होंने 20 मिनट के लिए सदन की कार्यवाही रोक दी। दरअसल, बीजेपी विधायक ढूलू महतो ने झामुमो के सुदिव्य कुमार सोनू का नाम लेते हुए कहा कि उनके क्षेत्र में लोग कोयले में दबकर मर रहे हैं। इस पर सुदिव्य सोनू ने कहा कि वह अपने क्षेत्र की चिंता करें।



**साथियों ने दोनों विधायकों को हस्तक्षेप कर रोका**

आरोप-प्रत्यारोप के बीच दोनों विधायकों ने में तनातनी बढ़ गई। ढुलू और सुदिव्य आमने-सामने आ गए। दोनों ने एक दूसरे को ललकारा और मारपीट की नौबत आ गई। हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने रोकना चाहा तो ढुलू महतो ने उनका हाथ झटक दिया। दूसरी ओर कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी, बरही विधायक उमाशंकर अकेला और जुगसलाई से झामुमो विधायक मंगल कालिंदी ने सुदिव्य सोनू को रोकने का प्रयास किया।

# पुलिस सबकी सुरक्षा नहीं कर सकती : हरियाणा CM

## हिंसा में अबतक 6 मरे, विहिप का प्रदर्शन

**AGENCY NEW DELHI :** हरियाणा के नूंह (मेवात) में विश्व हिंदू परिषद की ब्रज मंडल यात्रा के दौरान हुई हिंसा में अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें 2 होमगार्ड, नूंह के भादस गांव का शक्ति, पानीपत का अभिषेक, गुरुग्राम के इमाम और एक अज्ञात शख्स शामिल है। नूंह में सोमवार को भड़की हिंसा के दो दिन बाद भी कर्फ्यू जारी है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा- जिन लोगों ने नुकसान किया है, उन्हीं से भरपाई कराई जाएगी। हर व्यक्ति की सुरक्षा न पुलिस, न आर्मी और न समाज कर सकता है। सुरक्षा के लिए वातावरण बनाना पड़ता है। नूंह की हिंसा के विरोध में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने दिल्ली-एनसीआर के 23 इलाकों में रैलियां करने का ऐलान किया।

### रिटायर्ड फौजी के बेटे ने लाइसेंसी राइफल से खुद को मारी गोली, मौत

**SAHIBGANJ :** साहिबगंज स्थित नगर थाना क्षेत्र के गुल्लीभट्ठा भगवान मास्टल गली निवासी कृष्णा ओझा के बेटे नीतीश ओझा उर्फ ओमजी ओझा (18) ने मंगलवार देर रात लाइसेंसी राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि कृष्णा ओझा सेना से रिटायर हुए थे। फिलहाल, साहिबगंज मंडल कारा में नौकरी करते हैं।उनके पास लाइसेंसी राइफल भी है। पत्नी, छोटा बेटा व अन्य रिश्तेदारों के साथ राजगीर मलमास मेला घूमने के लिए गए हुए हैं। घर में नीतीश के बुजुर्ग नाना थे। वे घर के बरामदे में लेटे हुए थे।

# दिल्ली में सरेराह युवक की कर दी गई हत्या

## महज तीन हजार रुपये के लिए चाकू से गोदकर मार डाला, भीड़ ने हत्यारे को पीटा

**AGENCY NEW DELHI :** राजधानी दिल्ली में दिनदहाड़े एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि यह तिगरी इलाके की घटना है। बुधवार को कथित तौर पर तीन हजार रुपए के लिए हत्यारे ने एक 21 साल के युवक को मार डाला। मृतक की पहचान युसूफ अली के रूप में हुई है। चाकू गोदने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल हो रहे 1 मिनट 48 सेकंड के वीडियो में देखा जा सकता है कि आरोपी एक दुकान के सामने युसूफ पर चाकू से अटैक कर देता है। पूरी सड़क खून से सन जाती है। हत्यारा ताबड़तोड़ वार करता रहता है। तभी कुछ लोग हिम्मत दिखाते हुए हत्यारे को पकड़ लेते हैं। लोग लाठी से उसके हाथों पर मारकर चाकू छीन लेते हैं। एक शख्स लाठी से पीटकर आरोपी को घायल कर देता है। कुछ ही देर बाद सड़क पर आरोपी और मृतक दोनों बेहोश होकर गिर पड़ते हैं। यूसुफ अली को बत्रा अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यूसुफ के पिता साहिद अली ने कहा कि उनके बेटे को लगभग तीन-चार दिन पहले शाहरुख नाम के व्यक्ति ने धमकी दी थी। यह धमकी पैसों की लेन-देन को लेकर दी गई थी।



हत्यारे को पीटती भीड़ व जमीन में पड़ा मृतक युसूफ अली (लाल घेरे में) ● एजेंसी

## सदन में आने से ओम बिरला ने किया इंकार, राष्ट्रपति से मिले I.N.D.I.A गठबंधन के नेता

# लोकसभा में लगातार हंगामे से SPEAKER नाराज

**AGENCY NEW DELHI :** संसद के मानसून सत्र के 10वें दिन (2 अगस्त को) लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला अपनी कुर्सी पर नहीं बैठे। वे लोकसभा में विपक्षी सांसदों के लगातार हंगामे से नाराज थे, इसलिए उन्होंने सदन आने से इनकार कर दिया। उनकी जगह आंध्र प्रदेश के राजमपेट से सांसद पीवी मिधुन रेड्डी ने लोकसभा की कार्यवाही संभाली। जानकारी के मुताबिक, ओम बिड़ला तब तक संसद नहीं आएंगे जब तक विपक्ष हंगामा करना बंद नहीं करता। लोकसभा में मंगलवार को दिल्ली ऑर्डिनेंस पेश हुआ था। आज इस पर चर्चा होनी थी, लेकिन इससे पहले ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया, जिसके बाद सदन की कार्यवाही 2 बजे तक, फिर 3 अगस्त के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में विपक्षी दलों ने मणिपुर हिंसा पर चर्चा की मांग करते हुए 60 नोटिस दिए, जिन्हें सभापति जगदीप धनखड़ ने अस्वीकार कर दिया। इससे नाराज विपक्ष ने राज्यसभा से वॉकआउट कर दिया। इसके बाद 'इंडिया' के सदस्य राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने पहुंचे। राज्यसभा में प्राइवेट सेक्टर को लिथियम सहित 12 परमाणु खनिजों में से छह और सोने-चांदी के खनन की अनुमति देने वाला बिल बुधवार को पास हो गया। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री प्रल्हाद जोशी ने माइन्स और मिनरल्स (डेवलपमेंट एंड रेगुलेशन) बिल पेश किया था। लोकसभा इसे पिछले महीने ही पास कर चुकी है। इसके अलावा फॉरेस्ट(कंजरवेशन) अमेडमेंट बिल 2023 भी पास कर दिया।



### मल्लिकार्जुन खड़गे बोले- हम चाहते हैं पीएम मणिपुर जाएं

राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- हम चाहते हैं कि पीएम मणिपुर का दौरा करें और वहां शांति बहाली के लिए कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि हम सिर्फ मणिपुर मुद्दे पर चर्चा चाहते हैं, जिससे पीएम बच रहे हैं। हमने अपनी मांगों को लेकर राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा है। खड़गे ने कहा कि हमने राष्ट्रपति से अपील की है कि वे अलग-अलग समुदाय से दो मणिपुरी महिलाओं को राज्यसभा के लिए नामांकित करें, ताकि राज्य में महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों को रोकने की दिशा में सही कदम उठाए जा सकें। बीते दिन संसद में लोकसभा की बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में तय किया गया कि अविश्वास प्रस्ताव पर 8 से 10 अगस्त के बीच बहस होगी।

### गोवा में आईएनएस हंसा पर समुद्री राफेल प्रशिक्षण स्क्वाड्रन बनाएगी नौसेना

**NEW DELHI :** भारतीय नौसेना ने फ्रांसीसी एयरोस्पेस कंपनी दसॉल्ट से 26 राफेल समुद्री लड़ाकू जेट खरीदने की योजना को अंतिम रूप दे दिया है। इसमें से चार जेट ट्विन सीटर होंगे, जो शेष 22 सिंगल सीटर राफेल-एम लड़ाकू जेट को संचालित करने के लिए लड़ाकू पायलटों को प्रशिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके लिए नौसेना ने गोवा में आईएनएस हंसा पर प्रशिक्षण स्क्वाड्रन की स्थापना करने का फैसला लिया है। भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक आईएनएस विक्रांत से संचालित करने के लिए भारतीय नौसेना ने अमेरिकी जेट एफ/ए-18 सुपर हॉर्नेट को खारिज करके राफेल-एम का चयन किया है।

# ईरान में पारा 50 डिग्री पार दो दिन के लिए शटडाउन

**AGENCY TEHRAN :** ईरान में तेज गर्मी के चलते पहली बार 2 दिन का टोटल शटडाउन घोषित कर दिया गया है। ईरान की सरकार ने सभी कार्यालय, स्कूल और बैंक बंद रखने का फैसला सुनाया है। ईरान में तापमान 123 डिग्री फैरेनहाइट यानी 50 डिग्री सेल्सियस के पार जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को हीट स्ट्रोक का खतरा बताते हुए घर के अंदर रहने की सलाह दी गई है। सरकारी प्रवक्ता अली बहादुरी-जहरोमी ने बताया कि सभी अस्पतालों को हाई-अलर्ट पर रखा गया है। साउथ-ईस्ट के प्रांत सिस्तान-बलूचिस्तान में, बढ़ते तापमान और धूल भरी आंधियों की वजह से हाल ही में करीब 1 हजार लोगों को अस्पताल में भर्ती होना पड़ा है। ऊर्जा मंत्रालय ने बताया कि इस साल ईरान में बिजली का इस्तेमाल रिकॉर्ड लेवल तक पहुंचने के आसार हैं, क्योंकि लोग अउ का इस्तेमाल बढ़ा रहे हैं। ईरान में अब तक 2 पावर प्लांट ग्रिड से बाहर हो चुके हैं और कई शहरों में बिजली कटौती भी हो रही है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, ईरान में बिजली संकट गहरा सकता है। यहां इलेक्ट्रिसिटी इंफ्रास्ट्रक्चर बेहद पुराना हो चुका है। इसे सुधार के लिए विदेशी निवेश की जरूरत है। हालांकि, अमेरिका की तरफ से लगाई गईं पाबंदियों की वजह से ये मदद मिलना फिलहाल नामुमकिन है।

BRIEF NEWS

## भाजपा विधायकों ने विधानसभा के बाहर किया प्रदर्शन, मुख्यमंत्री से की मांगी इस्तीफा

**RANCHI:** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन बुधवार को भी भाजपा विधायकों ने विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने राज्य में आदिवासियों की हत्या और बलात्कार के लिए राज्य सरकार को जिम्मेवार ठहराते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इस्तीफा देने की मांग की। थर्ड और फोर्थ ग्रेड की नौकरियों को झारखंड के मूल निवासियों के लिए आरक्षित करने की मांग की। सुभाष मुंडा हत्याकांड की जांच, नियोजन नीति को स्पष्ट करने, झारखंड को सुखाड़ और अकाल क्षेत्र घोषित करने समेत कई मांगों से संबंधित तख्तियां लेकर विधायकों ने प्रदर्शन किया।

## आजसू पार्टी के हल्ला बोल कार्यक्रम में शामिल हुए पिपरवार के कार्यकर्ता

**CHATRA:** आजसू पार्टी के द्वारा केरेडारी प्रखंड कार्यालय में आयोजित हल्ला बोल कार्यक्रम में पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रौशन लाल चौधरी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड राज्य में चारों ओर लूट और भ्रष्टाचार चरम पर है, दिन दहाड़े राज्य की राजधानी रांची में हत्याएं हो रही है। इस हल्ला बोल कार्यक्रम में आजसू पार्टी के पिपरवार नगर अध्यक्ष बिनोद सिंह विधायक, मोहन कुमार, अवधेश महतो, केडी सिंह, उमेश मेहता, जगदीश महतो, गणेश महतो, मनीलाल महतो, राजेश कुमार, अशोक रवि समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

## तमाड़ में पीएम और मणिपुर के सीएम का पुतला फूंका

**RANCHI :** पांच परगना आदिवासी समाज समेत विभिन्न संगठनों के लोगों ने यूसीसी लाये जाने, सुभाष मुंडा हत्याकांड, मणिपुर कांड और मध्यप्रदेश में आदिवासी युवक पर पेशाब किए जाने के विरोध में बुधवार को तमाड़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मणिपुर के मुख्यमंत्री बिरेन सिंह का पुतला फूंका. विरोध प्रदर्शन में आदिवासी जन परिषद के अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि आदिवासियों पर चौतरफा हमला हो रहा है। समान नागरिक संहिता के नाम पर आदिवासियों का संवैधानिक अधिकार छीना जा रहा है. सामाजिक कार्यकर्ता पूरन सिंह मुंडा ने कहा कि आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही है. मणिपुर में आदिवासियों के साथ घृणित कार्य किया जा रहा है. सहदेव मुंडा ने कहा कि आदिवासी नेता सुभाष मुंडा जैसे लोगों की हत्या की जा रही है. इससे लगता है कि सरकारी तंत्र फेल हो गया है. मौके पर दुर्गावती ओरया, अनिल मुंडा, रामा कांत मुंडा, सुशीला देवी, जुगना मुंडा, देवआनंद मुंडा समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

## वकीलों को राहत, आम जनता पर बढ़ेगा आर्थिक बोझ

**RANCHI :** झारखंड सरकार ने राज्य के 30 हजार से अधिक वकीलों को राहत दिया है। सरकार ने वकीलों की वकालतनामा स्टांप दर 15 रुपए से बढ़ा कर 30 रुपए कर दिया है। विधानसभा के मॉनसून सत्र में बुधवार को झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि (संशोधन) विधेयक 2023 पारित हो गया। अब यह बिल राज्यपाल की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। राज्यपाल की मंजूरी मिलते ही यह विधेयक लागू हो जाएगा। एक ओर जहां सरकार ने वकीलों को बड़ी राहत प्रदान की है, वहीं आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ा दिया गया है। बुधवार को सदन ने वकीलों को राहत का स्वागत तो किया मगर इसका बोझ आम जनता, खाशकर गरीब-ग्रामीण जनता पर आर्थिक बोझ डालने का विरोध हुआ। आजसू विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि वकीलों को राहत दिए जाने से कोई दिक्कत नहीं है।

# एनईपी का उद्देश्य शिक्षा परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव लाना : राज्यपाल

**PHOTON NEWS RANCHI:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि एनईपी 2020 का उद्देश्य देश के शिक्षा परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव लाना है, तो यह तभी संभव है। जब मानव की क्षमता को पूर्ण रूप से विकसित किया जाय। उनके सैद्धांतिक ज्ञान को प्रयोगिक ज्ञान के साथ जोड़ा जाय। इसलिए इस शिक्षा नीति में तकनीकी शिक्षा, अनुसंधान और शोध पर महत्व दिया गया है। विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए नियमित कार्यशालाओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर ध्यान दिया गया है। राज्यपाल बुधवार को रांची के आड्रे हाउस में आयोजित


दीप प्रज्वलित करते राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन • फोटोन न्यूज

फोर्थ आईसीसी एजुकेशन कॉन्क्लेव इम्प्लीमेंटेशन ऑफ एनईपी 2020 हायर एंड टेक्निकल एजुकेशन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से जनमानस के अनुरूप राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 राष्ट्र के समक्ष प्रस्तुत की गई। महान भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ के कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में गठित आयोग की अनुशंसा पर नई शिक्षा नीति का गठन किया गया। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा नीति को प्रस्तुत करने के पूर्व सम्पूर्ण देश के विभिन्न शिक्षाविदों और शोधर्थियों का सुझाव भी लिया गया था। इस शिक्षा नीति को प्रस्तुत करने के पूर्व मैकाले की शिक्षा पद्धति का अनुसरण किया जा रहा था, जो कि हमारे देश को आत्मनिर्भर बनने में बाधा उत्पन्न कर रहा था।

हम गुलामी की मानसिकता से नहीं उबर पा रहे थे और समाज के विकास के लिए आवश्यक परिवर्तन को करने में सक्षम नहीं हो पा रहे थे। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के निर्माण की दिशा में पहल करने के लिए व जन-आकांक्षाओं के अनुरूप राष्ट्र को ऐसी प्रभावी शिक्षा नीति प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री अत्यंत बधाई के पात्र हैं। राज्यपाल ने कहा कि हमारा भारत पूर्व में पूरे विश्व के लिए एक अहम शिक्षा केंद्र के रूप में जाना जाता था। नालंदा, विक्रमशिला विश्वविद्यालय ने शिक्षा एवं अनुसंधान के विभिन्न क्षेत्रों में उच्च मानक स्थापित किए थे। हमें फिर से वही गौरव हासिल करना है और भारत को फिर से विश्वगुरु के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देते हुए बेहतर समाज का निर्माण करना एवं राष्ट्रीय चेतना विकसित करना है।

# अर्जुन मुंडा ने इरफान अंसारी के जातिसूचक बयान पर जताई आपत्ति

**PHOTON NEWS RANCHI:** झारखंड विधानसभा में बुधवार को कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी के उस बयान पर भाजपा नेताओं ने आपत्ति जताई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि एक आदिवासी होकर बाबूलाल इतने तेज कैसे हो सकते हैं। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने इस पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया देते कहा है कि कांग्रेस नेताओं का बाबूलाल मरांडी के खिलाफ जातिसूचक अनर्गल बयान उनकी तुच्छ मानसिकता को दशार्ता है। उनका वक्तव्य कांग्रेस का जनजातीय समाज के प्रति मानसिकता को दशार्ता है। भाजपा के एसटी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव ने भी इसे लेकर कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी के बयान से कांग्रेस की मानसिकता एक बार फिर सामने आ गई है। यह कांग्रेस की बीमार हो चुकी मानसिकता को दशार्ता है। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नेता इरफान अंसारी के ऐसे दुर्भाग्यपूर्ण बयान की घोर निन्दा के साथ विरोध करता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को कांग्रेस ने हमेशा वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है।

# विधानसभा में दो विश्वविद्यालयों सहित कई विधेयक पास

## बहुमत के आधार पर मिली स्वीकृति, स्पीकर ने गुरुवार की सुबह 11 बजे तक के लिए सदन को किया स्थगित



**PHOTON NEWS RANCHI:** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन बुधवार को तीन विधेयकों के प्रस्ताव को सदन से स्वीकृति मिली। इनमें झारखंड कारखाना संशोधन विधेयक 2023, झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि संशोधन विधेयक 2023, आरोग्यम इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी विधेयक और सीबी रमण ग्लोबल यूनिवर्सिटी विधेयक शामिल हैं। बहुमत के आधार पर इसे स्वीकृति मिली। इसके बाद स्पीकर ने गुरुवार की सुबह 11 बजे तक के लिए सदन को स्थगित किए जाने की घोषणा की।

इससे ठीक पहले सदन में झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि संशोधन विधेयक 2023 के मसले पर विधायक लंबोदर महतो और विनोद सिंह ने इसे प्रवर समिति के पास भेजने को कहा। लंबोदर महतो का कहना था कि झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि संशोधन विधेयक को निश्चित तौर पर प्रवर समिति को भेजें। इसमें एक छोटा पर महत्वपूर्ण संशोधन जरूरी है। पहले 15 रुपये स्टांप शुल्क लगता था, जिसे अब 30 रुपये किया जा रहा। पूरे राज्य में लगभग 33 हजार अधिवक्ता हैं। इस बढ़ोतरी के जरिये सरकार अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए इसे लाने की बात कह रही है लेकिन गरीब जनता पर इसका बोझ क्यों।

उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों दिल्ली में 25 रुपये, यूपी, पश्चिम बंगाल में 10 रुपये, बिहार में 25 रुपये ही स्टांप शुल्क है। पूर्व में इसी सदन से कोर्ट फीस संशोधन लाया गया था जिसका विरोध हुआ था। लंबोदर के मुताबिक पूर्व में मुख्यमंत्री ने कहा था कोर्ट फीस विधेयक पर संशोधन लाया जायेगा। इस पर काम हो। मुख्यमंत्री ने पांच लाख तक का दुर्घटना बीमा का लाभ वकीलों को देने का आश्वासन दिया था। अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लाने की बात की थी। मुख्यमंत्री ने जो आश्वासन दिए थे, वह पूरा हो।

विनोद सिंह ने अधिवक्ता कल्याण निधि संशोधन विधेयक पर कहा कि कोर्ट फीस में संशोधन आधे दर्जन राज्यों में हुआ है लेकिन राज्य सरकार अपनी भूमिका को भी देखे। किसी की मृत्यु हो गयी, दुर्घटना हो गया पर उसके लाभ की गारंटी का पता नहीं है। इसके लिए नियमावली नहीं है। गंभीर बीमारी, एक्सिडेंट जैसे मसले पर नियमावली या व्यवस्था तय हो। पेंशन की भी चिंता हो। कल्याण का दायरा बढ़ाए राज्य सरकार। अभी जो स्थिति दिख रही है, उससे वकीलों की जरूरतें पूरी होनी संदिग्ध हैं। अन्य राज्यों की तरह प्रावधान देखकर यहां भी बात हो। यदि वकीलों के कल्याण के लिए अतिरिक्त राशि की जरूरत हो तो सरकार देखे। इसी बिंदुओं को देखते इस विधेयक को प्रवर समिति में भेजने की बात उन्होंने कही है। प्रभारी मंत्री आलमगीर आलम ने अधिवक्ता कल्याण निधि संशोधन विधेयक के समर्थन में कहा कि लोग 15 रुपये दे रहे थे, अब और भी देने को तैयार हैं। वे नहीं समझते कि इससे कोई गरीब प्रभावित होगा। दोपहर 2.10 बजे जब सदन शुरू हुआ तो इसके बाद आरोग्यम इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी विधेयक 2023 सदन में पेश किया गया। इस पर लंबोदर महतो ने इसे प्रवर समिति को भेजने को कहा। इसके बाद ध्वनिमत से इसे पारित कर दिया गया। प्रभारी मंत्री ने बिल की कॉपी में त्रुटियों को ठीक करने की बात कही। इसके अलावा सीबी रमण ग्लोबल यूनिवर्सिटी विधेयक को भी ध्वनिमत से सदन से पास किया गया।

## सदन में अंबा प्रसाद ने विस्थापन आयोग का उठाया मुद्दा

**RANCHI:** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन बुधवार को भाजपा विधायकों के हंगामे के बीच शून्यकाल के सवाल आते रहे। इसके बाद एक बजे सदन की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। अंबा प्रसाद ने बड़कागांव में अंबानी द्वारा जमीन अधिग्रहण और राज्य में विस्थापन आयोग के सवाल पर पूरक पूछे। निराशा जताते कहा कि जब सरकार ने पूर्व में कहा था कि विस्थापन आयोग का गठन होगा तो राज्य में अब तक क्यों ऐसा नहीं हुआ है। आखिर विस्थापितों की कौन सुनेगा। उन्हें आश्वासन चाहिये कि इस आयोग का गठन होगा। इस पर प्रभारी मंत्री जोबा मांझी ने कहा कि अभी ऐसे आयोग के गठन का कोई प्रस्ताव नहीं है फिर भी अंबा प्रसाद की मांग पर विचार होगा। सोनाराम किस्कू ने अलग प्रखंड की मांग रखी। भूषण बाड़ा ने मणिपुर हिंसा से प्रभावित परिवारों के झारखंड लौटने पर राज्य सरकार की ओर से तत्काल मदद किए जाने, उनके राशन कार्ड और बच्चों की शिक्षा तय किए जाने का मसला रखा। नमन विक्सल कोंगाड़ी ने अपने विधानसभा क्षेत्र के एक स्कूल में डे बोर्डिंग सेंटर की मांग की। राजेश कच्छप ने नामकुम स्थित वाइल्डवाडी पार्क के निर्माण में रैयतों, धार्मिक स्थल की जमीन के कब्जे और इसके विवाद का मसला रखा। सरकार से मामले की पड़ताल समिति बनाकर करने को कहा। विनोद सिंह ने हाल के समय में मात्र 1221 लोगों को वन भूमि पट्टा दिए जाने पर सवाल उठाया। साथ ही विशेष कैंप लगाकर एक लाख से अधिक पेंडिंग पड़े आवेदनों पर फैसला लेते वन अधिकार कानून के पट्टा दिलाने की मांग की। दीपिका पांडेय सिंह ने गोड्डा सहित अन्य क्षेत्रों में एनएचआई के लिए सड़क निर्माण में पेड़ों के कटाव पर चिंता जताई। पेड़ों को संरक्षित किए जाने और कटे पेड़ों का लेखा जोखा सरकार के स्तर से लिए जाने की मांग की। शिल्पी नेहा तिर्की ने लोहरदगा में पिछले दिनों बॉक्साइट माइंस में एक की मौत और माइंस संचालक की गिरफ्तारी नहीं होने का मसला उठाया। माइनिंग एरिया में डीएमएफटी फंड से स्वास्थ्य एवं अन्य सुविधाएं मुहैया कराने की मांग रखी। अंबा प्रसाद ने सामान्य शिक्षकों को भी अंतर जिला ट्रांसफर की सुविधा देने की डिमांड सरकार से की। विधायक रामचंद्र सिंह ने गृह विभाग के पास वित्तीय वर्ष 2018-19, 2019-20 के बकाये पड़ी राशि का भुगतान संवेदकों को कराए जाने का मसला उठाया। भूषण तिर्की ने जल सहियाओं को 51 माह के बकाये मानदेय का भुगतान करने की मांग की। मथुरा प्रसाद महतो ने धनबाद के धनबाद के तोपचांची बाजार में भारी वाहनों के आवागमन से हो रही परेशानी को देखते फुट ब्रिज के निर्माण की बात कही। सरयू राय ने पटना स्थित गोविंद सिंह की जन्मस्थली के प्रबंधन कमिटी में झारखंड के सिखों की भी भागीदारी का मसला उठाया। इसके लिए बिहार सरकार से बात करने की अपील की। पूर्वी सिंहभूम के इलाकों में रामदास सोरेन ने सड़क निर्माण की डिमांड की। अमित कुमार यादव ने कोडरमा में एनएच-33 में पथ निर्माण में चौड़ीकरण के मसले को उठाया। दिनेश विलियम मरांडी ने झारखंड की द्वितीय राजभाषा में शामिल संथाली को देवनागरी या रोमन में लिपिबद्ध किए जाने की मांग की। सुनीता चौधरी ने गोला प्रखंड (रामगढ़) में भैरवा जलाशय योजना का लाभ जल्द से जल्द चितरपुर सहित आसपास के किसानों को दिए जाने की मांग रखी। शून्य काल के बाद स्पीकर ने ध्यानाकर्षण की सूचना दी। पर इस दौरान लगातार भाजपा विधायक वेल में हंगामा करते रहे। स्पीकर ने उनसे आसन पर जाने की अपील की पर भाजपाई तैयार नहीं हो रहे थे। वे कार्य स्थगन की मांग करते रहे जिसे स्पीकर ने नहीं माना। डॉ लंबोदर महतो ने बेरमो को जिला का दर्जा दिए जाने पर कार्यस्थगन मांगा जिसे ठुकरा दिया गया। अनंत ओझा ने सुखाड़ के विषय को रखा पर इसे भी योग्य नहीं माना गया।

## विधायक दीपिका पांडेय ने पेड़ों की कटाई पर उठाया सवाल

**RANCHI:** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन बुधवार को महगामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने शून्यकाल में हंसडीहा से महगामा तक नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्य और पेड़ों की कटाई का सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि पेड़ों की अनवरत कटाई से पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। वैसे भी देश और दुनिया ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रही है। पेड़ों की कटाई से वातावरण पर नकारात्मक पड़ेगा। इसकी संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता। दीपिका के मुताबिक निर्माण कार्य कर रही डीबीएल (दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड) कम्पनी काटी गई बहुमूल्य लकड़ी को बाजार में बेच रही है। इसपर अंकुश लगना जरूरी है। उन्होंने सदन से आग्रह किया कि अब तक अवैध रूप से काटे गए पेड़ों की जांच हो। झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने नगर विकास एवं आवास विभाग से राज्य के प्राधिकारों में सेवा काल में मृत कर्मियों के आश्रितों को अनुकंपा पर नियुक्ति का मसला उठाया। उनके अल्पसूचित प्रश्न के जवाब में विभाग ने बताया कि नीति निर्धारण और झमाडा (झारखंड खनिज विकास क्षेत्र प्राधिकार, धनबाद) में मृत कर्मियों के आश्रितों को नियुक्ति के संबंध में उसे निर्णय लेने का निर्देशित किया गया है। ग्रामीण विकास से तारांकित प्रश्न के जरिये पूर्णिमासिंह ने सांसद तथा विधायक निधि के योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए सीमेंट क्रय पर मार्गदर्शन मांगा। इस पर विभाग ने जवाब दिया कि डीडीसी, धनबाद के मुताबिक सांसद, विधायक योजना मद में अनुशंसित योजनाओं का क्रियान्वयन 28 जुलाई 2022 के प्रभाव से लागू नये अधिसूचित दर पर किया जा रहा है।

# बाबूलाल मरांडी ने झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक को बताया काला कानून

**PHOTON NEWS RANCHI:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। मरांडी ने हेमंत सरकार द्वारा विधानसभा के मानसून सत्र में लाए गए झारखंड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) विधेयक 2023 को राज्य के लिए काला कानून बताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नीयत साफ नहीं है। इसलिए यह सरकार लगातार प्रतियोगिता परीक्षाओं में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड सिविल सेवा की परीक्षा में एक ही परीक्षा केंद्र से लगातार रोल नंबर का उत्तीर्ण होने का मामला उजागर हो चुका है। इसी तरह जूनियर इंजीनियर की बहाली में पेपर आउट करने का आरोप संस्था पर लगा। प्रारंभ में राज्य सरकार ने इस भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने की भरपूर कोशिश की लेकिन प्रबल विरोध के कारण बाद में गलती स्वीकार भी की। दबाव में कुछ नाम भी हटाए लेकिन आज तक उस परीक्षा के ओएमआर शीट जारी नही हुए। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के प्रावधान देशद्रोह, पोक्सो, एसटी, एससी अत्याचार निवारण जैसे कानून से भी ज्यादा ताकतवर हैं, जिसमें सवाल खड़ा करने वाले अभ्यर्थियों पर 10 साल का प्रतिबंध, बिना प्रारंभिक जांच के एफआईआर दर्ज करने, बिना जांच गिरफ्तार करने, किसी भवन में घुसकर तलाशी लेने का सख्त प्रावधान है। उन्होंने कहा कि यह छात्रों को जेल भेजने के लिए लाया गया काला कानून है, जो जनता की आवाज को दबाने के लिए और भ्रष्ट अधिकारियों के द्वारा नौकरियों को बेचने के लिए लाया गया है, ताकि कोई विरोध नहीं करे।

# जवाबदेह राजनीति तैयार करने के लिए युवाओं को आगे आना होगा : सुदेश महतो

**PHOTON NEWS RANCHI:** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि सरकार की नीतियों के चलते युवाओं के सपने अधूरे रह गए हैं। सरकार की नीति से नियत झलकती है। जवाबदेह राजनीति तैयार करने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। वर्तमान सरकार युवाओं की सोच के साथ नहीं चल रही है। महतो बुधवार को रांची के हरमू स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में अखिल झारखंड छात्र संघ की ओर से आयोजित रांची विश्वविद्यालय छात्र संघ सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है। शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। हर साल पांच लाख सरकारी नौकरियों का वादा कर सत्ता में आने वाली सरकार युवाओं को रोजगार से जोड़ने में पूरी तरह से विफल है। महतो ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस सरकार ने अभी तक युवाओं के हित के लिए कोई भी नीति नहीं बनाई है। यही इनकी नियत को बताता है। इनके द्वारा जो भी नीति बनाई गई वो किसी न किसी कारण से निरस्त ही हुई है। सभी युवाओं और उनके परिवार का एक ही लक्ष्य है कि अच्छे से पढ़ाई पूरी कर के फिर नौकरी मिले लेकिन सरकार के पास ऐसी कोई योजना ही नहीं है, जिससे युवाओं को रोजगार मिल सके। छात्र संघ के सम्मेलन में मुख्य रूप से हरीश कुमार, ओम वर्मा, नीतीश सिंह सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## हेमंत सोरेन ने पश्चिमी सिंहभूम के प्रतिनिधिमंडल को सहयोग का दिया भरोसा, जिला परिषद होगा बेहतर

# राजस्व को बढ़ाने की हर जरूरत को पूरा करेगी सरकार : सीएम

**PHOTON NEWS RANCHI:** झारखंड विधान सभा स्थित सभा कक्ष में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को पश्चिमी सिंहभूम जिला के जिला परिषद सदस्य और मुखिया संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री से जिला परिषद को बेहतर और सुचारू तरीके से संचालन के लिए आर्थिक संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि सरकार इस दिशा में बहुत जल्द यथोचित निर्णय लेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला परिषदों को सेल्फ डिपेंडेंट बनने की पहल करनी होगी। इस दिशा में वे अपने अधीनस्थ संसाधनों का व्यवसायिक इस्तेमाल करने की कार्य योजना बनाएं। इसके साथ अपने क्षेत्राधिकार में आनेवाले जो भी


मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ बैठक करते प्रतिनिधिमंडल के सदस्य • फोटोन न्यूज

संसाधन हैं, उनसे राजस्व को बढ़ाने की दिशा में भी आगे बढ़ें। इसमें जो भी सहयोग की जरूरत होगी, उसे सरकार पूरा करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में आप सहयोग करें, ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पंचायत स्तर पर दवा दुकान योजना शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित युवाओं को दवा दुकान संचालन का लाइसेंस दिया जा रहा है। इस योजना को मजबूती देने के साथ दवा दुकान का लाइसेंस लेने वाले युवाओं को पूरा सहयोग दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए सिदो -कान्हू क्लब का गठन किया जा रहा है। इसके जरिए युवाओं को खेल के माध्यम से आगे बढ़ाया जाएगा। सरकार की ओर से क्लब को खेल सामग्री देने के साथ आर्थिक सहायता भी दी जाएगी। यह क्लब समुचित और प्रभावी तरीके से काम करे, इसके लिए आप जैसे जनप्रतिनिधियों को भी अहम जिम्मेदारी निभानी होगी। इसके लिए आप सभी ग्रामीण क्षेत्र के खेल प्रतिभाओं को चिन्हित कर इस क्लब के माध्यम से आगे लाने का कार्य करें। इस मौके पर विधायक मथुरा प्रसाद महतो और सुखराम उरांव, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, जिला परिषद, पश्चिमी सिंहभूम के अध्यक्ष लक्ष्मी सुरीन, उपाध्यक्ष रंजीत यादव और सदस्य शशि भूषण पिंगुआ, राज तुबिद्, उपाध्यक्ष दिनेश बाईपाई और समिति के सदस्य मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री को धर्म सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए किया आमंत्रित



**RANCHI:** झारखंड विधान सभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के नेतृत्व में चातुर्मास व्रत एवं लक्ष्मी नारायण महायज्ञ समिति, बंशीधर नगर (नगर उंटारी) गढ़वा के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि समिति की ओर से 23 से 28 अक्टूबर तक चातुर्मास व्रत एवं लक्ष्मी नारायण महायज्ञ कार्यक्रम का आयोजन होना है। इसी सिलसिले में 27 अक्टूबर को अखिल भारतीय धर्म महा सम्मेलन आयोजित होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री को इस धर्म सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।

## केंद्रीय रेल और आईटी मंत्री से मिले सांसद संजय सेठ

**RANCHI:** सांसद संजय सेठ में नई दिल्ली में केंद्रीय रेल एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर उन्हें रांची सहित पूरे झारखंड में रेल परियोजनाओं की सौगात के लिए आभार व्यक्त किया। हटिया और पिस्का स्टेशन के पुनर्विकास की योजना की स्वीकृति के लिए भी क्षेत्र की जनता की तरफ से आभार जताया। सांसद सेठ ने केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन देते उन्हें रांची स्थित चुटिया के कृष्णापुरी में बनने वाले फ्लाईओवर और इसकी जरूरत से उन्हें अवगत कराया। सांसद ने आग्रह किया कि रांची रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास हो रहा है। इसी परियोजना से जोड़कर इस क्षेत्र में फ्लाईओवर का निर्माण किया जाए। यह क्षेत्र रांची रेलवे स्टेशन का नजदीकी क्षेत्र है बल्कि स्टेशन के परिधि में ही चुटिया का बड़ा हिस्सा निवास करता है। इसके साथ ही सांसद ने मैक्लुस्कीगंज और खलारी में रेल सुविधाओं के विस्तार का भी आग्रह केंद्रीय मंत्री से किया।

BRIEF NEWS

### आरपीएफ ने शराब के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**RANCHI :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने भारी मात्रा में रांची रेलवे स्टेशन से शराब के साथ शंकर गुप्ता को गिरफ्तार किया है। बरामद शराब में रॉयल स्टैग कंपनी 750 एमएल की 10 बोतल और मैक डबल्स 180 एमएल की 22 बोतल बरामद की गई है। शंकर गुप्ता दिल्ली के लाजपत नगर थाना निवासी है। वह ट्रेन संख्या 18624 के एस छह में सवार था। एसआई अश्विनी कुमार ने बुधवार को बताया कि उत्पाद विभाग रांची को जब्त शराब और गिरफ्तार आरोपित को सौंप दिया गया।

### 48 घंटे बाद भी लापता बैंक कर्मी संतोष कुमार का नहीं चल पाया कोई पता

**RANCHI :** 48 घंटे बाद भी लापता हुए बैंक कर्मी का कोई पता नहीं चल पाया है। इस मामले को लेकर बैंक कर्मी संतोष कुमार की पत्नी मनीषा भारद्वाज ने लालपुर थाना में शिकायत दर्ज कराई है। दर्ज शिकायत में कहा गया है कि इनके पति बीते 31 जुलाई को लालपुर स्थित अपने ऑफिस से दिन के करीब 3:00 बजे निकले थे। उस समय उन्होंने कॉल करके कहा कि ऑफिस के काम से ओरमांझी जा रहे हैं। मेरे मोबाइल का बैटरी डाउन है, इस वजह से मोबाइल ऑफ हो सकता है। उसके बाद से मेरे पति से कोई संपर्क नहीं हो पाया है और ना ही वह अभी तक घर आए हैं। कहा है कि संतोष कुमार का मोबाइल भी बंद आ रहा है।

### डीएवी हेहल से पंडरा तक बनाई जाएगी फोरलेन रोड

**RANCHI :** इटकी रोड स्थित डीएवी हेहल से पंडरा तक को जोड़ने के लिए फोरलेन रोड बनायी जायेगी। हेहल डीएवी के पीछे के रास्ते को फोरलेन किया जायेगा। पथ निर्माण विभाग के इंजीनियर इसे चिन्हित करने का काम कर रहे हैं, साथ ही इसका डीपीआर तैयार करने की भी तैयारी चल रही है। इस रोड के फोरलेन होने से एनएच-23 में डीएवी हेहल को एनएच-75, पंडरा बाजार के पास से जोड़ा जा सकेगा। यह प्रयास हो रहा है कि जल्द ही सारी प्रक्रिया पूरी कर काम शुरू किया जाये। पथ निर्माण विभाग ने इसी तरह दुर्गा सोरेन चौक नामकुम से चांदनी चौक तक फोरलेन रोड बनाने की भी योजना तैयार की है। अभी बूटी मोड़ से कांटाटोली चौक होते हुए नामकुम दुर्गा सोरेन चौक तक सड़क फोरलेन हो रही है। अब दुर्गा सोरेन चौक से चांदनी चौक तक की भी सड़क फोरलेन की जायेगी। विभाग ने इन दोनों सड़कों का काम प्राथमिकता के आधार पर करायेगा।

### बारिश के कारण ब्रेक डाउन, नामकुम के बड़े क्षेत्र में सात घंटे पावर कट

**RANCHI :** राजधानी में बुधवार को दिन भर बारिश होती रही। इसके चलते जगह-जगह पेड़ गिरे, लोकल फॉल्ट की समस्याएं उत्पन्न हुईं। जिसके कारण शहर के कई क्षेत्रों में घंटों बिजली बाधित रही। कई जगह लाइन ब्रेक डाउन होने और अन्य छोटे-बड़े फॉल्ट हुए। इससे बिजली का आना-जाना जारी रहा। नामकुम सब स्टेशन से सिदरौल 33 केवी ग्रिड लाइन पंक्चर होने से बड़े इलाकों में करीब साढ़े सात घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही। सुबह 9.30 बजे समस्या आई और लगभग शाम 6.30 बजे बिजली बहाल हो पायी। यह समस्या नामकुम रेल क्रासिंग के ऊपर से गुजरी लाइन में हुई थी। नीचे रेलवे ट्रैक होने व रेलवे का ओवर होड तार होने के कारण मरम्मत में समस्या आयी। घंटों बाद मरम्मत कर बिजली बहाल हो पाई।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# बंगाल की खाड़ी में डीप डिप्रेशन का दिखा असर, राज्य में झमाझम बारिश

## झारखंड में मॉनसून सक्रिय : अगले चार-पांच दिनों तक होगी वर्षा, यलो अलर्ट जारी

**PHOTON NEWS RANCHI :** पूरे राज्य में एक बार फिर मॉनसून सक्रिय स्थिति में है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची की माने तो बंगाल की खाड़ी में डीप डिप्रेशन का एक सिस्टम बना है। जो मंगलवार की रात बांग्लादेश के तटीय क्षेत्र से टकराने के बाद बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल को आच्छादित करते हुए बुधवार की सुबह तक राज्य पहुंच गया है। जिसका असर देखने को मिल रहा है। इसका असर अगले चार से पांच दिनों तक रहेगा। दो दिनों से हो रही वर्षा के कारण शहरी क्षेत्र में जहां आफत बनी है वहीं खेतों में लबालब पानी भर जाने से किसानी के लिए राहत है। बता दें कि इन मौसमी कारकों के प्रभाव से राज्य में अगले चार-पांच दिनों तक अच्छी वर्षा होगी। एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। पूरे अगस्त महीने में इसी तरह वर्षा की स्थिति सामान्य बनी रहेगी। मौसम विभाग ने कुछ जिलों में भारी वर्षा को लेकर अलर्ट जारी किया है। पूरे राज्य में अगले तीन से चार दिनों तक आसमान में बादल छाए रहेंगे और वर्षा का सिस्टम सक्रिय होने से हल्की व मध्यम दर्जे की वर्षा का पूवार्नुमान है। इसके लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। वर्षा के दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में मेघ गर्जन और वज्रपात की संभावना को देखते हुए मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि वर्षा की स्थिति बनने पर किसान खेतों से दूर हो जाए और लोग खुले मैदान, ऊंचे पेड़ और बिजली के खंभे से दूरी बनाएं। वर्षा के समय किसी पक्के मकान की शरण में जाएं और आसमान साफ रहने पर ही किसान दोबारा खेतों में जाएं। पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो राज्य के लगभग सभी हिस्सों में अच्छी वर्षा हुई है। सबसे अधिक 148.4 मिमी वर्षा पश्चिमी सिंहभूम के मझगांव में रिकार्ड की गई। वहीं सबसे अधिक अधिकतम तापमान 37.7 डिग्री गोड्डा का जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री रांची का रिकार्ड किया गया है। पिछले दो दिनों से राजधानी रांची समेत आसपास के जिलों में रुक-रुककर वर्षा हो रही है। अगले चार दिनों तक राज्य में यूं ही मौसम बना रहेगा। साइक्लोनिक सकुर्लेशन की वजह से बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव से झारखंड में वर्षा का पूवार्नुमान था लेकिन इसका ज्यादा लाभ ओडिशा ओर छत्तीसगढ़ को हुआ। राजधानी समेत आसपास के जिलों में अगले चार दिनों तक अच्छी वर्षा होगी। इससे खेतों में इतना पानी होगा कि किसान रोपनी शुरू कर सकें। बता दें कि राज्य में लगातार दूसरे वर्ष मानसून की बेरुखी से सूखे जैसे हालात पैदा हो गए हैं। झारखंड में 526.3 मिमी वर्षा होनी चाहिए थी लेकिन अब तक सिर्फ 318.8 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। यह औसत से 39 प्रतिशत कम है। पिछले वर्ष भी इस अवधि तक सामान्य से 40 प्रतिशत कम वर्षा रिकार्ड की गई थी। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद कहते हैं कि अगस्त माह में पिछले वर्ष की तरह इस बार भी अधिक वर्षा होने की संभावना है। जिससे काफी हद तक भरपाई हो जाएगी और अगस्त माह के अंत तक वर्षा का यह आंकड़ा 3 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है।



राज्य में हो रही झमाझम बारिश से सड़क पर पसरा सन्नाटा।

### अगस्त में अच्छी वर्षा की उम्मीद

पिछले वर्ष की तरह अबकी बार भी मानसून एक सप्ताह की देरी से 19 जून को आया। शुरुआत में संताल परगना में अच्छी वर्षा हुई लेकिन इसके बाद मानसून कमजोर पड़ गया। अधिकांश जिलों में वर्षा नहीं होने से धान का बिचड़ा खेतों में सूख गया है। पिछले वर्ष भी राज्य में मानसून की वर्षा कमजोर रही थी। इस वजह से राज्य सरकार ने प्रदेश के 24 में से 22 जिलों के 226 प्रखंडों को सूखा प्रभावित घोषित किया था। हालांकि मौसम विभाग ने पिछले वर्ष की तरह इस बार भी अगस्त माह में अच्छी वर्षा की उम्मीद जताई है। रांची समेत राज्य के कई हिस्से में लगातार वर्षा की संभावना जताई जा रही है। अगले कुछ दिनों तक अच्छी वर्षा होने के आसार हैं। गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा में औसत से ज्यादा वर्षा होने की संभावना है। वहीं चतरा, हजारीबाग, रांची, खूंटी, सरायकेला में औसत वर्षा की संभावना है। मौसम विज्ञानी ने कहा कि पिछले दो दिनों से अच्छी वर्षा देखने को मिली है।

# राजधानी के कई हिस्सों में जलजमाव, हुए लोग परेशान

## बारिश ने खोली नगर निगम की पोल

- रिम्स, करमटोली चौक, बड़ा तालाब, मोरहाबादी, हरमू सहित अन्य इलाकों में जलजमाव से जनजीवन अस्त व्यस्त
- राजधानीवासी जलजमाव की समस्या को लेकर 0651-2200025 या 9431104429 पर दे सकते हैं सूचना

**PHOTON NEWS RANCHI :** राजधानी में बीते कुछ दिनों की लगातार वर्षा से शहर में जलजमाव की स्थिति उतपन्न हो गई। जलजमाव के कारण शहर के विभिन्न इलाकों में लोग दिनभर परेशान रहे। रिम्स, करमटोली चौक, बड़ा तालाब, मोरहाबादी, हरमू सहित अन्य इलाकों में जलजमाव से लोग परेशान रहे। बड़ा तालाब व हरमू में नालियां ओवरफ्लो होकर बहने लगी। इससे आने-जाने वाले लोगों को परेशानी हुई। अन्य इलाकों में भी नालियों के ओवरफ्लो होने के कारण सड़क पर पानी बहने लगा। मानसून से पहले नगर निगम ने जल जमाव दूर करने के लिए सफाई तो होकर रहेगी अभियान चलाया था। इस अभियान पर लगभग तीन माह में करीब पांच करोड़ रुपए खर्च हो गए, लेकिन बारिश में ही नालियों की सफाई की कलई खुल गई। क्योंकि, नाली जाम होने से बारिश का पानी नाली में बहने के बजाय सड़क पर ही जमा हो गया। ऐसे में लोगों का सड़क से गुजरना मुश्किल हो गया। सड़क से गुजरने वाले गाड़ियां को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। अगर किसी इलाकें में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न होती है तो निगम के दूरभाष संख्या 0651-2200025 या 9431104429 पर सूचना दे सकते है। नगर निगम का दावा है की 24 घंटे के अंदर कार्रवाई की जाएगी। दिनभर हुए जोरदार वर्षा के बाद रिम्स अस्पताल के तीसरे तल्ले के कारिडोर में पानी भर गया। यहीं पर न्यूरोसर्जरी के अत्यधिक दर्जनों मरीजों का इलाज फर्श पर होता है। इस वजह से कई मरीजों को वर्षा के पानी से समस्या हुई, नतीजा यह रहा कि अधिकतर मरीजों को यहां से दूसरी जगहों पर जाना पड़ा। उस जगह से उन्हें लिफ्ट के पास जमा होना पड़ा और पानी से बचने के उपाए ढूंढते दिखें। हालांकि इस जगह पर प्रबंधन द्वारा कपड़े का पर्दा लगाया गया है लेकिन तेज हवा व वर्षा की वजह से पानी रूकने का नाम ही नहीं ले रहा।

# ग्रामीण क्षेत्रों में बिना नक्शा पास कराए भवन का निर्माण करने पर होगी कार्रवाई : डीडीसी

**PHOTON NEWS RANCHI :** ग्रामीण क्षेत्रों में बिना नक्शा पास कराए भवन निर्माण करने पर कार्रवाई की जाएगी। बुधवार को विकास भवन में रांची डीडीसी दिनेश यादव ने इसे लेकर जानकारी दी। ग्रामीण क्षेत्रों 5000 वर्गफीट से अधिक क्षेत्रफल का घर बनाने पर उन्हें हर हाल में नक्शा जिला परिषद से पास कराना होगा। जो नक्शा नहीं पास करायेंगे, उनके भवन को अवैध मानते हुए डीडीसी और चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर के द्वारा विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी। झारखंड पंचायत भूमि विकास 2017 के अधिनियम के तहत होगी कार्रवाई रांची डीडीसी



दिनेश यादव ने कहा कि झारखंड पंचायत भूमि विकास (नक्शा एवं भवन निर्माण) 2017 के अधिनियम के तहत ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। जो भी 5000 स्क्वायर फीट या उससे अधिक क्षेत्रफल पर भवन का निर्माण किए हैं, उन्हें नक्शा पास कराना जरूरी होगा। बता दें कि इससे पहले ग्रामीण क्षेत्रों में भवन निर्माण कराने के लिए नक्शा पास करवाने जैसा नियम नहीं था। जिला परिषद रांची के मुताबिक, ग्रामीण क्षेत्र में भवन निर्माण के संबंध में सरकार के निर्देश हैं। ग्रामीण विकास विभाग (पंचायती राज) झारखंड सरकार के (संकल्प संख्या 3428, दिनांक 10-10-2017) मुताबिक, झारखंड पंचायत भूमि विकास (नक्शा एवं भवन निर्माण) नियमावली 2017 के तहत झारखंड बिल्डिंग बाइलॉज 2016 को संशोधित किया गया। इसके चलते ग्रामीण क्षेत्र में 5000 वर्ग फीट से अधिक के क्षेत्रफल के भवन निर्माण के लिए भवन का नक्शा पास कराना होगा।

### राज्य के 12 इंस्पेक्टरों का तबादला, अधिसूचना जारी

**RANCHI :** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने 12 इंस्पेक्टर रैंक के पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया है। जारी अधिसूचना के अनुसार में नागेश्वर रजक को जेपीए हजारीबाग, सत्येंद्र नारायण सिंह को बोकारो जिलाबल, सत्येंद्र ओझा को सीआईडी रांची, संतोष कुमार को जेएपीटीसी पदमा, नवीन प्रसाद को बोकारो जिला बल, नंदकिशोर राम को जेएपीटीसी पदमा, प्रेम रंजन उरांव को एसीबी रांची, आनंद किशोर प्रसाद को रांची जिला बल, संजय कुमार वर्मन को रांची जिला बल, राजेंद्र कुमार दास को स्पेशल ब्रांच रांची, बनारसी प्रसाद को धनबाद जिलाबल और मनोज कुमार गुप्ता को स्पेशल ब्रांच रांची में पदस्थापित किया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना बुधवार को डीआईजी कार्मिक के द्वारा जारी कर दी गई है।

# नगर निकायों में नक्शा स्वीकृति में पैसों के खेल मामले में हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** झारखंड हाईकोर्ट में राज्य के नगर निकायों में नक्शा स्वीकृति में पैसों के खेल मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि नक्शा पास करने के सॉफ्टवेयर की टेस्टिंग और ट्रायल हो चुकी है। अब नये सॉफ्टवेयर से नक्शा पास होना शुरू हो गया है। इस पर कोर्ट ने महाधिवक्ता को शपथ पत्र के माध्यम से इसकी पूरी विस्तृत जानकारी देने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 24 अगस्त निर्धारित की। मामले की सुनवाई बुधवार को हाई कोर्ट के जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। आरआरडीए की ओर से अधिवक्ता प्रशांत कुमार सिंह ने पैरवी की। रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि जो पूर्व में नक्शा पास करने की प्रक्रिया थी उसमें संशोधन कर नया प्रोसेस लागू किया गया है। उस प्रोसेस में नक्शा स्वीकृति की प्रक्रिया पांच चरणों में पूरी होगी, जिसमें नक्शा की वैधता की जांच होनी है और नक्शा पास होना है, इसे लोगों के हित को देखते हुए पूरे राज्य के नगर निगम में लागू किया जायेगा। इसके लिए एक नया सॉफ्टवेयर भी तैयार किया गया है, जो जल्द लाइव कर दिया जायेगा।




# कंजक्टिवाइटिस से ग्रसित हो रहे बच्चे, स्कूलों में अलर्ट

**PHOTON NEWS RANCHI :** शहर में आंख लाल होने की बीमारी कंजक्टिवाइटिस का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। इससे एहतियातन शहर के सरकारी व निजी स्कूलों में अलर्ट जारी किया गया है। वैसे बच्चे जो इस बीमारी से ग्रसित हैं उन्हें छुट्टी दे दी गई है। कुछ स्कूलों ने तो बाकायदा नोटिस जारी कर स्कूल बंद रखने की घोषणा कर दी है।स्कूल प्रबंधन ने सभी अभिभावकों को व्यक्तिगत रुप से नोटिस भेजकर यह सूचना दी है कि यदि उनके बच्चे इस बीमारी से ग्रसित हैं तो स्कूल न भेजें। ऐसे में इस बीमारी से बचाव के उपाय भी स्कूलों में किए जा रहे हैं। बता दें कि यह बीमारी पूरे शहर में लगातार बढ़ती जा रही है और इसके बचाव के उपाय सरकारी अस्पतालों में भी किए गए हैं। रिम्स व सदर अस्पताल की ओपीडी में इस बीमारी से ग्रसित बच्चों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। शहर के कैराली स्कूल, डीएवी समूह, डीपीएस, ब्रिजफोर्ड स्कूल, आक्सफोर्ड स्कूल, निर्मला कान्वेंट हाईस्कूल समेत कई अन्य स्कूलों ने स्कूल बोर्ड पर नोटिस चस्पा कर अभिभावकों व बच्चों को सूचित कर सतर्क रहने को कहा है। बताया गया कि कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय उच्च विद्यालय अड़की की 135 छात्राएं कंजक्टिवाइटिस से ग्रसित हो चुकीं हैं।

# रांची में 100 से अधिक आर्म्स एक्ट के आरोपियों के ठिकानों पर छापेमारी

## अलग-अगल क्षेत्रों से कई आरोपियों को थाने लेकर आई पुलिस

**CRIME REPORTER RANCHI :** रांची जिला में 100 से अधिक आर्म्स एक्ट के आरोपियों के ठिकाने पर पुलिस ने छापेमारी की है। एसएसपी कौशल किशोर के निर्देश पर राजधानी रांची के सभी थाना क्षेत्रों में मंगलवार की देर रात छापेमारी अभियान चलाया गया। आर्म्स एक्ट मामले के वैसे आरोपी जो वर्तमान में जेल से बाहर हैं या फिर जेल में हैं, उनके ठिकानों पर पुलिस ने छापेमारी की। अलग-अलग थाना क्षेत्र में कई आर्म्स एक्ट के अभियुक्त को पकड़कर पुलिस थाना लेकर आई है। पुलिस



द्वारा यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि आर्म्स एक्ट के आरोपी की वर्तमान में क्या गतिविधियां हैं, क्या जमानत पर है या फरारी में है। इसके अलावा उसका किस आपराधिक गिरोह से संबंध है, इन सभी मामलों का सत्यापन कराया जा रहा है।

**भू-माफियाओं को भी लाया गया था थाना :** इससे पहले रांची जिला के 17 थाना क्षेत्र के 50 भू-माफियाओं से पूछताछ की गई थी। रांची जोनल आईजी पंकज कंबोज के निर्देश पर अभियान शुरू हुआ था। इस अभियान के दौरान 50 भू-माफियाओं को उठाकर थाने लाया गया। रांची के 17 थाना क्षेत्रों में एक साथ हुई इस कार्रवाई से जमीन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। थाना लाए गए सभी भू-माफियाओं पर उनके थाना क्षेत्रों में तीन से ज्यादा गंभीर मामले दर्ज हैं।

# रांची में युवक-युवती सहित तीन का शव रेलवे ट्रैक से हुआ बरामद

- बालसरिंग में एक युवक का शव बरामद हुआ जबकि अरगोड़ा में युवक-युवती की लाश मिली

**CRIME REPORTER RANCHI :** रांची में अलग-अलग स्थानों पर रेलवे ट्रैक से तीन शव बरामद हुआ है। बालसरिंग में एक युवक का शव ट्रैक से बरामद हुआ है। जबकि अरगोड़ा में ट्रेन की चपेट में आने से युवक-युवती की मौत हो गई। सुबह में अरगोडा थाना को सूचना मिली कि युवक-युवती का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा है। सूचना पर मौके पर पहुंची अरगोड़ा थाना पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। अभी तक दोनों युवक-युवतियों की पहचान नहीं हो पायी है। पुलिस यह छानबीन कर रही है कि मामला हत्या का है या फिर दोनों आत्महत्या की है। अरगोड़ा थाना प्रभारी बृज कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। दोनों की पहचान के लिए आसपास के थानों को तस्वीर भेजी गई है। हालांकि, अभी तक शव की शिनाख्त नहीं की गई है।


इधर, बालसरिंग में मृत अवस्था में रेलवे ट्रैक से मिले युवक की भी पहचान करने में पुलिस को सफलता नहीं मिल पायी है। आशंका जताई जा रही है कि किसी ने हत्या कर युवक के शव को रेलवे ट्रैक के किनारे फेंक दिया है।

## चार्जशीट दाखिल करने के लिए 60 और 90 दिनों का रहता है समय

# पिछले पांच माह में RAPE & MURDER के 2231 मामले सिर्फ 667 केस में CHARGESHEET दाखिल कर पाई पुलिस

**SUHAIB ANSARI RANCHI :** झारखंड में पिछले पांच महीने में हुई हत्या और दुष्कर्म के 2231 मामलों में से सिर्फ 667 मामलों में ही पुलिस समय पर चार्जशीट दाखिल कर पायी है। पुलिस मुख्यालय से मिले आंकड़ो के अनुसार, जनवरी 2023 से मई 2023 तक हत्या के 1082 मामलों में 279 केस में ही झारखंड के अलग-अलग जिलों की पुलिस ने चार्जशीट दाखिल किया है। जबकि दुष्कर्म के 1149 मामलों में 388 केस में चार्जशीट दाखिल की गई है।

बता दें कि पुलिस को चार्जशीट दाखिल करने के लिए 60 और 90 दिनों का एक




निर्धारित समय दिया जाता है। देखा जाता है कि कुछ मामलों में पुलिस जानबुझकर किसी आरोपी की चार्जशीट समय पर दाखिल नहीं करती। क्योंकि चार्जशीट दाखिल होने के बाद ही न्यायालय आरोपी की जमानत पर विचार करती है। इसलिए पुलिस कभी-कभी आरोपी की जमानत को रोकने के लिए भी ऐसा करती है।

### हत्या के मामलों में चार्जशीट दाखिल करने की जिलास्तरीय स्तिथि

| जिला | मामले | चार्जशीट | जिला | मामले | चार्जशीट |
|---|---|---|---|---|---|
| धनबाद | 66 | 19 | सिमडेगा | 29 | 18 |
| गिरिडीह | 80 | 03 | रेल धनबाद | 01 | 00 |
| हजारीबाग | 74 | 05 | देवघर | 56 | 12 |
| जमशेदपुर | 43 | 16 | गोड्डा | 32 | 13 |
| पलामू | 73 | 07 | गुमला | 49 | 18 |
| रांची | 90 | 22 | लोहरदगा | 14 | 04 |
| साहेबगंज | 33 | 05 | चतरा | 54 | 16 |
| दुमका | 31 | 03 | गढ़वा | 75 | 17 |
| चाईबासा | 68 | 36 | कोडरमा | 33 | 15 |
| बोकारो | 43 | 16 | खूंटी | 23 | 05 |
| लातेहार | 31 | 03 | रामगढ़ | 23 | 05 |
| जामताड़ा | 11 | 05 | पाकुड़ | 16 | 07 |
| सरायकेला | 30 | 08 | | | |

### दुष्कर्म के मामलों में किस जिले में कितनी चार्जशीट की गई दाखिल

| जिला | मामले | चार्जशीट | जिला | मामले | चार्जशीट |
|---|---|---|---|---|---|
| धनबाद | 94 | 31 | सिमडेगा | 17 | 12 |
| गिरिडीह | 65 | 10 | रेल धनबाद | 01 | 10 |
| हजारीबाग | 104 | 15 | देवघर | 18 | 03 |
| जमशेदपुर | 67 | 38 | गोड्डा | 35 | 18 |
| पलामू | 53 | 08 | गुमला | 45 | 26 |
| रांची | 132 | 41 | लोहरदगा | 35 | 12 |
| साहेबगंज | 50 | 09 | चतरा | 41 | 14 |
| दुमका | 18 | 01 | गढ़वा | 60 | 25 |
| चाईबासा | 37 | 25 | कोडरमा | 30 | 18 |
| बोकारो | 61 | 10 | खूंटी | 23 | 09 |
| लातेहार | 45 | 18 | रामगढ़ | 35 | 12 |
| जामताड़ा | 11 | 05 | पाकुड़ | 23 | 17 |
| सरायकेला | 19 | 10 | | | |

### प्रशिक्षु आईएएस अफसरों ने स्मार्ट सिटी परिसर का किया भ्रमण

**RANCHI :** प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान झारखंड कैडर के सात प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों नें बुधवार को रांची स्मार्ट सिटी परिसर का जायजा लिया। इस दौरान रांची स्मार्ट सिटी कारपोरेशन के सीईओ और सूडा के निदेशक अमित कुमार नें बताया कि पूरे शहर में नागरिक सुविधाओं पर विशेष जोर दिया गया है। विभिन्न आकार की चौड़ाई की सड़कों के साथ साथ पैदल पथ और साइकिल लेन का भी प्रावधान किया गया है। इसके साथ हीं सेंसर बेस्ड स्ट्रीट लाइट और सिग्नल लाइट का व्यवस्था किया गया है। इसके साथ हीं सड़क के किनारे किनारे यूटिलिटी डक्ट के माध्यम से नागरिक सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी है। इसके साथ हीं पूरे परिसर में विशेष सुरक्षा का इंतेजाम किया गया है। स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के जीएम राकेश कुमार नंदक्योलियार नें पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के जरीए स्मार्ट सिटी की परिकल्पना और क्रियान्वयन की जानकारी दी।

BRIEF NEWS

### रैयत विस्थापित मोर्चा ने एलएंडटी का कार्य किया ठप, वार्ता के बाद आंदोलन वापस

**RAMGARH:** एलएंडटी कंस्ट्रक्शन में कार्यरत स्थानीय मजदूरों को कम्पनी द्वारा निकाल देने से आक्रोशित रैयत विस्थापित मोर्चा ने बिरसा शाखा के अध्यक्ष पप्पु लाल मांझी के नेतृत्व ने कंपनी का कार्य ठप कर दिया। कार्य ठप होने के बाद कम्पनी प्रबंधन से वार्ता हुई। वार्ता में कहा गया कि सिविल का काम पुरी तरह से खत्म हो रहा है और स्थानीय मजदूरों को अब बिजली विभाग में काम करने को लेकर स्थानांतरण किया जाएगा। मजदूरों का वेतन कम्पनी के नियमानुसार न्यू वेतन मासिक भुगतान किया जाएगा। वार्ता के बाद करीब तीन घंटा के बाद कार्य शुरू हुआ। वार्ता में सीसीएल प्रबंधन की ओर से पीओ डी शिवादास, मैनेजर रमेश्वर मुण्डा, एवं एलएंडटी मैनेजर सुनिल कुमार सिंह, विस्थापितों की ओर से सूरज बेसरा, पप्पु लाल मांझी, राजेन्द्र मुण्डा, महालाल सोरेन, संतोष करमाली,राजू मुण्डा, रौशन हांसदा, अनील मांझी पप्पु लाल मांझी, राजेन्द्र मुण्डा, बिनोद मुर्मू, अनिल हांसदा, संतोष करमाली, महालाल सोरेन, राकेश हांसदा, रौशन हांसदा सहित कई मजदूर शामिल थें।

### झामुमो छापर पंचायत सह बुड़मु प्रखंड कमेटी ने चलाया सदस्यता अभियान

**RAMGARH:** झामुमो छापर पंचायत सह बुडमु प्रखंड कमेटी द्वारा बिंजा टोला भवानी गांव में सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान आमसभा का भी आयोजन हुआ। अभियान के दौरान 350 से अधिक लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। अभियान और आमसभा में बतौर मुख्य अतिथि रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम, विशिष्ट अतिथि डॉ हेमलाल मेहता उपस्थित थे। आम सभा में संथाली रीति-रिवाजों, मांदर ढोल नगाड़ों एवं संथाली नृत्य संगीत के साथ अतिथियों का जोरदार स्वागत किया गया। सभा में प्राइवेट कंपनी रुंगटा को कोयला खनन के लिये कभी घुसने नहीं देने का संकल्प लिया गया। आमसभा की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष भुनेश्वर साहू और संचालन विनोद मांझी ने किया। मौके पर झामुमो बुढ़मू प्रखंड कमेटी के सभी पदाधिकारी सहित महिला मोर्चा बुढ़मू प्रखंड कमेटी सदस्य मौजुद थें।

### अम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र के विस्थापित हाईवे संयोजक मंडली की बैठक संपन्न

**CHATRA:** अम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र के विस्थापित हाईवे संयोजक मंडली की बैठक बुधवार को सेरेंदाग में किया गया।बैठक की अध्यक्षता हाईवा मालिक नागेश्वर राम व संचालन विजय साहू ने किया।बैठक में हाईवा से कोयला ट्रांसपोर्टिंग कराकर ट्रांसपोर्टरों के द्वारा हाईवा मालिकों को निर्धारित भाड़ा से कम भुगतान करने वाले ट्रांसपोर्टरों के खिलाफ मोर्चा खोला।सभी हाईवा मालिकों ने कहा की कोयलांचल क्षेत्र में निर्धारित भाड़ा से कम देने वाले ट्रांसपोर्टरों को कोयला उठाओ को बाधित कर कानूनी कार्रवाई किया जाएगा।तत्पश्चात ट्रांसपोर्टरों को हिदायत किया गया कि कोयला उठाने के बाद 15 दिनों के अंदर भाड़ा का भुगतान करें साथ ही कोयला उठाव कर रहे ट्रांसपोर्टरों को वाहन मालिकों के द्वारा हाईवा ड्राइवरों को खोराकी के नाम से ?500 प्रत्येक ट्रिप में देने का आग्रह किया है।वाहन मालिकों को द्वारा भाड़े में वृद्धि की लिस्ट जारी किया है जो इस प्रकार है। कुज्जू साइडिंग 750 रुपए प्रति टन,टोरी चंदवा 700 रुपए प्रति टन,गोला 900 रुपए प्रति टन,माइल 850 रुपए प्रति टन,बालूमाथ 600 रुपए प्रति टन, कुसमाही 620 रुपए प्रति टन,बिरहा टोली 700 रुपए प्रति टन,टंडवा एनटीपीसी160 रुपए प्रति टन,शिवपुर हट गढ़वा130 रुपए प्रति टन,कटकमसांडी 700 रुपए प्रति टन निर्धारित किया गया है। मौके पर रंजीत कुमार,दशरथ महतो, हेमराज कुमार, मुकेश कुमार, बिनोद कुमार, सुरेश साव, जितेंद्र कुमार, ईश्वरी साव, दीपक महतो, कामाख्या प्रसाद साहू, गणेश कुमार साव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# चाकू से गोद कर युवक की हत्या से शहर में सनसनी

## आरोपी बीते रात ही हुआ घर से फरार

- पवन यादव ने प्राथमिकी में लिखा है कि मेरे छोटे भाई की निर्मम रूप से हत्या की गई हैं
- रामगढ़ पुलिस मामले की गंभीरता को समझते हुए आरोपी के एक भाई को हिरासत में लिया



**PHOTON NEWS RAMGARH:** वार्ड नं 6 स्थित शहर के विकास नगर के एक युवक की चाकू से गोद कर हत्या का मामला उजागर हुआ है। इस हत्या की घटना ने शहर में सनसनी फैला दी है। घटना बीते रात की है। मृतक पवन कुमार यादव को गला रेत कर और चाकू से गोद कर हत्याकर दी गई है। रामगढ़ पुलिस मामले की गंभीरता को समझते हुए आरोपी के एक भाई को हिरासत में लिया है। वहीं आरोपी बीते रात से ही घर से फरार बताया जा रहा है।

घटना के संबंध में रामगढ़ थाना में मृतक के परिजनों ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। शहर के विकास नगर निवासी पंकज कुमार यादव ने रामगढ़ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें लिखा है कि 1 अगस्त की रात 9:30 बजे के लगभग मेरा छोटा भाई 22 वर्षीय पवन कुमार यादव खाना खाने के बाद घर के बाहर टहलने निकला। जब वह घर नहीं लौटा तो 10 बजे के लगभग हम लोगों ने उसके मोबाइल पर फोन किया। मोबाइल स्विच ऑफ बताने लगा। इसके बाद हम लोग सभी उसकी खोजबीन में लग गए। इसी बीच लगभग 10:45 बजे एंबुलेंस ड्राइवर का फोन आया। एंबुलेंस ड्राइवर ने बताया कि एक दुबला पतला लड़का सदर अस्पताल में भर्ती है जल्दी आ जाइए। इसके बाद पवन यादव अपने छोटे भाई के साथ 11 बजे रात को सदर अस्पताल पहुंचा। पवन यादव ने अस्पताल में छोटे भाई पंकज कुमार यादव को मृत पड़ा पाया। प्राथमिकी में लिखा गया है कि उसके छोटे भाई को 25 से 30 स्थानों पर चाकू मारा गया है। पवन यादव ने प्राथमिकी में लिखा है कि मेरे छोटे भाई की निर्मम रूप से हत्या की गई है। उन्होंने लिखा है कि घटना से एक हफ्ता पूर्व से हमास उर्फ मोटा पिता नौशाद हसन राज होटल के निकट गौशाला रोड। मेरे छोटे भाई को फोन कर धमकियां दिया करता था। जिससे मेरा छोटा भाई काफी विचलित हो जाया करता था। उन्होंने एफ आइआर में लिखा है कि जब भी उसका फोन आता था मेरा भाई विचलित हो जाता और फोन से काफी घबरा जाता था। प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने पानी भरे हुए बाल्टी में कपड़े में लपेटा हुआ एक चाकू बरामद किया है जिस चाकू हत्या किये जाने का असंका है।

### रामगढ़ की विधायक ने मानसून सत्र के चौथे दिन भैरवा जलाशय का मामला उठाया



मानसून सत्र में अपनी बात रखतीं विधायक

**RAJRAPPA:** रामगढ़ की विधायक सुनीता चौधरी ने झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन बुधवार को भैरवा जलाशय का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि नहर निर्माण नहीं होने के कारण सिंचाई कार्य नहीं हो पा रहा है। परिणामस्वरूप गोला, चितरपुर और दुलमी प्रखंड के किसान इसके लाभ से वंचित हैं। उन्होंने सदन के माध्यम से सरकार से बायी व दायी नहर निर्माण की दिशा में तत्काल कदम उठाने की मांग की। इससे पूर्व विधायक ने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र को राज्य सरकार से सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग की थी।

## सयाल दुर्गा पूजा व काली पूजा समिति गठित, शंकर सिंह फिर बने सचिव

### मजदूर दो हजार व आफिसर पांच हजार दुर्गा पूजा में करेंगे सहयोग



पूजा समिति की बैठक में मौजूद पीओ व अन्य • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH:** सयाल दुर्गा पूजा व काली पूजा समिति की बैठक दुर्गा मंडप प्रांगण में हुई। इसकी अध्यक्षता सयाल परियोजना पदाधिकारी सुबोध कुमार व संचालन बासुदेव साव ने किया। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को ले विस्तार से चर्चा की गई। निर्णय हुआ की इस बार दुर्गा पूजा में सयाल के मजदूर 2 हजार व आफिसर 5 हजार रुपए का सहयोग करेंगे। बैठक में पूजा की सफलता को ले कमेटी गठन भी किया गया। जिसमें पूजा कमेटी के अध्यक्ष सयाल के वर्तमान पीओ ही होते हैं। इसके तहत सयाल पीओ सुबोध कुमार को अध्यक्ष बनाया गया। जबकि सचिव पद पर पुनः शंकर सिंह व कोषाध्यक्ष सुधीर यादव का ही चयन किया गया। मौके पर खान प्रबंधक असरत खान, सेफ़्टी आफिसर संतोष श्रीवास्तव, गुलाम रसूल, अर्जुन सिंह, संजय शर्मा, जेपीएन सिन्हा, सदानंद सिंह, विनोद कुमार, रामविलास यादव, बृजनंदन पासवान, देव कुमार, मार्शल, श्रीकांत बहेरा, जनेश्वर प्रसाद, राम कैलाश शर्मा, ताहिर, लाल मोहन, शम्भू,गिरजा सिंह, इन्द्र दयाल यादव, गणेश मुंडा, शहनवाज, देवी लाल, अमित, कौशल, बाल गोबिंद त्रिवेदी, बालेश्वर, शिवजी यादव आदि मौजूद थें।

## मनोज कुमार महतो ने किया 100 केवीए विधुत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**PHOTON NEWS RAMGARH:** नगर परिषद क्षेत्र के बोंगावार में 100 केवीए ट्रांसफार्मर का उदघाटन नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो के द्वारा विधिवत रूप से नारियल फोड़ कर एवं फीता काटकर किया गया।
मौके पर मनोज कुमार महतो ने लोगों को सम्बोधित करते हुए बताया कि कुछ दिन पूर्व ट्रांसफार्मर जल जाने से उन सबको काफी परेशानी हो रही थी। जिसकी जानकारी मिलते ही बिजली विभाग में अधिकारियों से बात कर नया ट्रांसफार्मर लगवाया। नया ट्रांसफार्मर लगने से बोंगावार के लोग काफी खुश है। बोंगावार पहुंचने पर लोगों के द्वारा नगर परिषद उपाध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर वार्ड पार्षद हेमनी देवी, जयकिशोर महतो, राजू प्रजापति, शिक्षक रवि साहू, राजेश राम, महेन्द्र महतो, जीवन कुमार आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

## हरियाणा की घटना को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने किया पुतला दहन

**PHOTON NEWS CHATRA:** हरियाणा के मेवात में जो भी हुआ वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। इसी घटना को लेकर आज विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल चतरा के द्वारा केसरी चौक पे जिहादी आतंकवादियों का पुतला फूंका गया। मालूम हो की श्रावण में प्रतिवर्ष किसी भी सोमवार पर मेवात के अंदर भगवान शंकर का आशीर्वाद लेने के लिए महाभारत कालीन पांच मंदिरों में श्रद्धालु जाते हैं। 31 जुलाई को लगभग 20 - 25 हजार लोग पहुंचे



हुए थे।अभी यात्रा शुरू हुए 15 मिनट भी नहीं हुए कि, उन पर उपद्रवियों ने गोलियां और पत्थर बरसाने तथा आगजनी शुरू कर दी। श्रद्धालुओं ने जब देखा कि परिस्थिति नियंत्रण से बाहर जा रही है, तो पीछे हटने का प्रयास किया, तो देखा पीछे से भी पत्थर बरस रहे हैं। उन पर पेट्रोल बम फेंके गए, बहुत मुश्किल से कुछ लोगों को बचाकर हम नलहड़ महादेव के मंदिर में वापिस लेकर आ सके। कुछ ही देर हुई थी वहां गए हुए कि उस मंदिर के सामने से भी दंगाई आ गये। कारों, बसों और अन्य वाहनों को आग लगानी और जो सामने दिखा उन पर गोलियां बरसनी शुरू हो गई। दो लोगों को गोलियां लगीं। लगभग सारे वाहन जला दिए या तोड़ दिए गए। जब पुलिस आती है तो पुलिस को देखकर उपद्रवी भागते हैं और पहाड़ियों पर चढ़कर तीनों तरफ से मंदिर में शरण लिए हुए महिलाओं, बच्चों और अन्य भक्तों पर गोलियां बरसाना शुरू कर देते है। एक भक्त बलिदान हो जाता है। कुछ अन्य लोगो को भी गोलियां लगती हैं। बहुत मुश्किल से प्रशासन ने उन पर नियंत्रण किया और उसके बाद वहां से निकाल करके पुलिस लाइन में लेकर आए। विश्व हिंदू परिषद की मांग है जिनकी मृत्यु हुई हैं उन सबके परिवारों को एक एक करोड़ रुपया दिया जाए।

## सिमरिया विधायक ने इटखोरी सीओ की अभिलंब बर्खास्तगी की मांग को लेकर विधानसभा के गेट पर दिया धरना

**PHOTON NEWS RANCHI:** सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने चतरा जिला के ईटखोरी प्रखंड के सीओ राम विनय शर्मा के अविलंब बर्खास्तगी की मांग को लेकर झारखंड विधानसभा के गेट पर धरना दिया। गौरतलब है कि चतरा जिला इटखोरी प्रखंड के सीओ राम विनय शर्मा पर गंभीर आरोप लगे हैं और इस बाबत झारखंड विधानसभा में सिमरिया विधायक ने सदन में पहले भी मामला उठाया था।विधान सभा में मामला उठाए जाने के बाद हेमंत सोरेन सरकार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच का आदेश दिया था । लेकिन भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी सरकार के अधिकारियों ने जांच रिपोर्ट आने के बावजूद ईटखोरी के सीओ राम विनय शर्मा पर कोई कार्रवाई विभाग के द्वारा नहीं की गई है।इसी के विरोध में




धरना प्रर्दशन करते सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास • फोटोन न्यूज

विधायक किशुन कुमार दास ने विधानसभा के गेट पर धरना पर बैठ गए ।उनके दोनों हाथों में प्ले कार्ड था। जिसमें लिखा था कि चतरा जिला के इटखोरी प्रखंड के भ्रष्ट सीओ राम विनय शर्मा को अविलंब बर्खास्त करें। इस बात की जानकारी झारखंड विधानसभा का सत्र शुरू होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो को जानकारी मिली तो उनके निर्देश पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता व विधायक मथुरा महतो और भाजपा के विधायक अनंत ओझा ने सम्मान के साथ विधायक किशुन कुमार दास को सदन की कार्यवाही में ले गए।लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि विभागीय जांच होने के बावजूद भी राज्य सरकार के द्वारा भ्रष्ट अंचलाधिकारी राम विनय शर्मा पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। गौरतलब है कि चतरा के उपायुक्त के द्वारा सीओ राम विनय शर्मा पर जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया था।जांच टीम में अपर समाहर्ता ,जिला भू अर्जन पदाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी थे।जांच रिपोर्ट में भी इटखोरी के सीओ राम विनय शर्मा पर गंभीर आपत्तिजनक आरोप सही पाए गए। इनमें रजिस्टर टू से छेड़छाड़, मनमाने तरीके से राजस्व नियमों का उल्लंघन आदि शामिल है। उपायुक्त के पत्रांक 288/4 जुलाई 2023 के माध्यम से सीओ राम विनय शर्मा के खिलाफ राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव को पत्र भी भेजा गया है।लेकिन हेमंत सोरेन सरकार के द्वारा भ्रष्ट अधिकारी पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई जिससे नाराज विधायक किशुन कुमार दास ने विधानसभा सत्र के दौरान आज धरना पर बैठ गए। अब आश्वासन दिया गया है कि अब शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

### मुखिया एवं उप प्रमुख ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय खधैया का किया औचक निरीक्षण

**CHATRA:** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह उर्फ तेलियाडीह पंचायत में उत्क्रमित उच्च विद्यालय खधैया में मुखिया महावीर साहू एवं उप प्रमुख जितेंद्र सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने किया औचक निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थिति पाए।साथ ही छात्र-छात्राओं को मिलने वाला भोजन का भी निरीक्षण किया।इस दौरान बच्चों एवं शिक्षक के साथ भोजन का भी आनंद लिया। मुखिया ने बताया की भोजन में दाल के गुणवत्ता में कमी पाई गई।आगे कहा की बच्चों की खाना में किसी भी प्रकार का कमी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।आगे मुखिया एवं उप प्रमुख ने विद्यालय के शिक्षक को हिदायत देते हुए कहा कि भोजन में पूर्णरूपेण सुधार करने की बात कही।

## झमाझम बारिश शूरु होते ही किसानों में खुशी का माहौल

### सुबह से ही ट्रैक्टर लेकर खेतों में निकल गए किसान

**PHOTON NEWS RAJRAPPA:** सूखे की आशंका से डरे किसानों के चेहरे पर मंगलवार-बुधवार से खुशी झलक रही है। मंगलवार दिन सुबह से शुरू हुई हल्की बारिश का सिलसिला बुधवार को तेज हो गया। झमाझम बरसात से चितरपुर, गोला, दुलमी एवं रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के किसानों का कहना है कि भगवान को आखिरकार किसानों पर दया आ ही गई। वे लंबे समय से मानसून की बारिश का इंतजार कर रहे थे. झमाझम बारिश से किसानों में खुशी का माहौल है। किसान कैलाश कुमार, गुनी महतो, किशोरी महतो, उत्तम कुशवाहा, संतोष कुमार टिडुआर, हरि कुमार महतो आदि ने बताया कि किसी तरह से खाने पीने योग्य धान की फसल हो जाएगी। कुछ किसानों का कहना है कि 10 दिन



धान रोपाई के लिए तैयार खेत।

पहले अगर वर्षा होती तो और चार चांद लग जाती, लेकिन लम्बे इंतजार के बाद भी वर्षा होने से हम लोग काफी खुश हैं। किसानों ने विभाग से मांग की है कि समय पर यूरिया की उपलब्धता कराई जाए। कहीं-कहीं वैसे जगह जहां धान के बीचड़े तैयार हैं, वहां रोपाई का कार्य भी शुरू हो गया है। किसान बुधवार की सुबह से ही ट्रैक्टर लेकर खेतों में निकल गए। कही पारंपरिक रूप से बैलों से जुताई की जा रही है।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक का किया गया आयोजन

# प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं को चयनित कर कार्य करने का निर्देश



**PHOTON NEWS RAMGARH:** डीएमएफटी के तहत चल रहे विकास कार्यों व नई योजनाओं के चयन को लेकर बुधवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। डीएमएफटी के तहत पूर्व से संचालित योजनाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने योजनाओं के क्रियान्वयन के दौरान गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने, किसी भी हालत में कोई डुप्लीकेसी ना होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए ससमय योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों को योजनाओं व विकास कार्यों से संबंधित टेंडर प्रकाशित करने के दौरान निर्धारित दिशा निर्देशों व नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में बैठक के दौरान डीएमएफटी टीम के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए सांसद, विधायक, अन्य जनप्रतिनिधियों, विभागों, अधिकारियों आदि द्वारा नई योजनाओं व विकास कार्यों के मद्देनजर भेजे गए प्रस्ताव को उपायुक्त के समक्ष रखा गया। इस दौरान डीएमएफटी टीम के द्वारा पेयजल एवं जलापूर्ति क्षेत्र में 2 योजनाओं, शिक्षा क्षेत्र में 24 योजनाओं, पर्यावरण संरक्षण क्षेत्र में 13 योजनाओं, स्वास्थ्य क्षेत्र में 8 योजनाओं, इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में 68 योजनाओं, कौशल विकास क्षेत्र में 25 योजनाओं एवं महिला व बाल विकास क्षेत्र में 10 योजनाओं, कुल 150 योजनाओं के प्रस्ताव के संबंध में उपायुक्त को जानकारी दी गई वही डीएमएफटी टीम के द्वारा बताया गया कि उपरोक्त 150 योजनाओं में 63 योजनाओं की अनुमानित राशि लगभग 90 करोड़ रुपए है। बैठक के दौरान उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त एवं अन्य अधिकारियों के साथ उपरोक्त योजनाओं में से प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं को चयनित करने, योजनाओं को संबंधित लाइन एजेंसी के साथ टैग करने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में चर्चा के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहां की सरकार द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही है अथवा विकास कार्य किए जा रहे हैं उनकी पूरी जानकारी लोगों तक पहुंचे इसके लिए योजना बनाने की जरूरत है. इस संबंध में उपायुक्त ने रामगढ़ जिले के लिए ऑनलाइन ऐसेट रजिस्टर निर्मित करने व ऑनलाइन ऐसेट रजिस्टर के माध्यम से योजनाओं की जियो टैगिंग सहित आवश्यक जानकारियां संधारित करने के संबंध में अधिकारियों व डीएमएफटी टीम के सदस्यों के साथ चर्चा के क्रम में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। गौरतलब हो कि ऑनलाइन ऐसेट रजिस्टर के माध्यम से कोई भी व्यक्ति जिले में संचालित योजनाओं उनकी वर्तमान स्थिति सहित कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां रियल टाइम मैं देख सकेंगे।

### स्थानीय उम्मीदवारों के 75% नियोजन अधिनियम को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा

**RAMGARH:** बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के 75% नियोजन अधिनियम को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला नियोजन पदाधिकारी देव प्रसाद ने उपायुक्त को जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के 75% नियोजन अधिनियम एक्ट 12 सितंबर 2022 से संपूर्ण झारखंड राज्य में लागू है जिसके तहत जिला नियोजन कार्यालय द्वारा कार्य किए जा रहे हैं। बैठक के दौरान श्री कुमार ने 23 नियोजकों जिन्होंने इस एक्ट के अंतर्गत अभी तक निबंधन नहीं कराया है उन्हें उपायुक्त के स्तर से कारणपृच्छा नोटिस निर्गत करने का निर्देश जिला नियोजन पदाधिकारी को दिया। साथ ही उन्होंने 20% नियोजक जो एक्ट के तहत निबंधित हैं लेकिन उनके अंतर्गत कार्यरत कर्मियों का निबंधन नहीं या सिर्फ कुछ ही कर्मियों का करवाया है उन्हें उपायुक्त के स्तर से कारणपृच्छा नोटिस देने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने शॉप एंड एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत रामगढ़ जिले में निबंधित 1100 नियोजक जिनमे 252 नियोजक जो वर्तमान में रामगढ़ जिला में कार्यरत है की सूचना निदेशालय को देने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, जिला नियोजन कार्यालय से कुमार प्रभाकर, जिला जनसंपर्क कार्यालय से नीतीश कुमार सहितअन्य उपस्थित थे।

### विश्व स्तनपान सप्ताह 2023 के तहत सदर अस्पताल रामगढ़ में आयोजित कार्यक्रम का DC ने किया शुभारंभ

**RAMGARH:** 1 अगस्त से 7 अगस्त तक पूरे विश्व में मनाए जाने वाले विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत बुधवार को सदर अस्पताल रामगढ़ के एमटीसी कक्ष में आयोजित कार्यक्रम का उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने शुभारंभ किया। इस दौरान उपयुक्त में फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ करने के उपरांत नवजात बच्चों की माताओं को बेबी किट सहित अन्य उपहार भेंट किए। उपायुक्त ने कहा कि 1 अगस्त से 7 अगस्त तक पूरे विश्व में स्तनपान सप्ताह मनाने का उद्देश्य लोगों को नवजात बच्चों को छह माह तक की अवधि तक केवल स्तनपान कराने व इसके फायदों के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी से विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी लेते हुए ज्यादा से ज्यादा महिलाओं व लोगों को स्तनपान के फायदों के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया।

# जमशेदपुर में बढ़ा बाढ़ का खतरा, प्रशासन ने किया अलर्ट, खरकई खतरे के निशान के पास

## DC ने BDO, CO व अन्य पदाधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने का दिया गया निर्देश

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** पूर्वी सिंहभूम जिले में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश से बाढ़ का खतरा बढ़ने लगा है। हालात को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। खरकई नदी में लगातार बढ़ रहे जलस्तर तथा खतरे के निशान के नजदीक पहुंचने के कारण उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी बीडीओ, सीओ व नगर निकायों को जरूरी एहतियातन कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। वर्तमान में खरकई का वॉटर लेवल 128.90 है जो खतरे के निशान 129.00 से मात्र 0.10 ही कम है।



खरकई नदी का बढ़ा जलस्तर। ● फोटोन न्यूज

**नदी किनारे रह रहे लोगों को लगातार किया जा रहा आगाह:** उपायुक्त ने बारिश के कारण जमशेदपुर शहर से होकर गुजरने वाली स्वर्णरेखा व खरकई नदियों के तटीय क्षेत्रों में जानमाल का कोई नुकसान नहीं हो इसको लेकर सभी तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को माइकिंग के द्वारा लगातार अलर्ट करने तथा नदी किनारे तरफ नहीं जाने को लेकर आगाह करते रहने के निर्देश दिए हैं।

उपायुक्त ने कहा कि डूब क्षेत्र में नदी का पानी घुसने पर तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को चिन्हित आश्रय गृह में भेजना सुनिश्चित करें। लाइफ सेविंग जैकेट, नाव, मेडिकल किट आदि के मुकम्मल इंतजाम के निर्देश दिए गए हैं ताकि आकस्मिक स्थिति में ऊहापोह की स्थिति नहीं रहे। कदमा, बागबेड़ा, भुइयांडीह, कल्याणनगर, शास्त्रीनगर, मानगो, जुगसलाई आदि में नदी के तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से भी सतर्क रहने की अपील की गयी है। उपायुक्त ने कहा कि जानमाल की सुरक्षा सर्वोपरि है। ऐसे में लोगों से विशेष अपील है कि प्रशासन द्वारा दिये जा रहे दिशा-निर्देशों का अनुपालन अवश्य करें। जमशेदपुर में लगातार बारिश होने की वजह से यातायात भी प्रभावित है। शहर के मुख्य सड़कों पर पानी का जमाव होने की वजह से जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

### एसडीएम ने की बैठक, थाना, जुस्को एवं सिविल डिफेंस को दिए आवश्यक निर्देश

**JAMSHEDPUR :** पूर्वी सिंहभूम जिले में लगातार हो रही बारिश को देखते हुए एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा ने बैठक कर नगर निकायों के पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, जुस्को तथा सिविल डिफेंस के प्रतिनिधि को जरूरी कदम उठाए जाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। आश्रय गृह चिन्हित करने के साथ साथ नदी के निचले इलाकों में पानी घुसने पर लोगों को सुरक्षित ऊंचे स्थानों में बने आश्रय गृह में भेजे जाने के लिए प्रेरित करने की बात कही गयी।

एसडीएम धालभूम द्वारा पर्याप्त संख्या में लाइफ सेविंग जैकेट, नाव, मेडिकल किट की तैयारी रखने का निर्देश दिया गया है। नदियों में जलस्तर बढ़ने की स्थिति मे लगातार माइकिंग कराये जाने, पदाधिकारियों को तटीय क्षेत्रों में भ्रमणशील रहने का निर्देश दिया गया है। तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से भी अपील करते हुए उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा दिये जा रहे दिशा निर्देशों का अनुपालन कर आवश्यक सहयोग प्रदान करें।

## टेल्को से 650 ग्राम गांजा के साथ तीन चोर गिरफ्तार, चोरी के सामान बरामद



मामले की जानकारी देते एएसपी शुभांशु जैन व गिरफ़्तार अपराधी। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** टेल्को पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में टेल्को खडंगाझार निवासी नविंद्र सिंह, सूरज सिंह उर्फ पाजी, बिरसानगर जोन नंबर सात का रहने वाला हरप्रीत सिंह उर्फ अमन और गोलमुरी गाढ़ाबासा निवासी करिया पुष्टि उर्फ राहुल शामिल है। पूरे मामले का खुलासा एएसपी सिटी शुभांशु जैन ने बुधवार को गोलमुरी थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया। उन्होंने बताया कि मंगलवार को एसएसपी के निर्देश पर क्षेत्र में आपराधिक गतिविधि नियंत्रण हेतु विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा था। हुडको डैम के पास पुलिस टीम ने जांच के क्रम में एक स्कूटी पर तीन लोगों को देखा। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया परंतु वे भागने लगे, इसके बाद पुलिस ने उन्हें घेर कर पकड़ लिया।

**कई घरों में कर चुके है चोरी:** संदेह के आधार पर जब उनकी स्कूटी की जांच की गई तो डिक्की में रखा 650 ग्राम गांजा बरामद हुआ। तीनों से पूछताछ के क्रम में उन्होंने दो स्थानों पर चोरी करने का खुलासा किया। पुलिस को बताया कि तीनों ने 16 जुलाई को रिंग रोड में एक घर का ताला तोड़कर चोरी की थी। वही 30 जुलाई को भी टेल्को थाना क्षेत्र के रोड नंबर-4 एवं क्रॉस रोड नंबर-4 में दो घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर चोरी किए गए सामानों को बरामद किया है। गिरफ्तार सूरज सिंह और करिया पुष्टि के विरुद्ध पूर्व से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने तीनों को मंगलवार शाम न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

**बाइक-स्कूटी समेत चोरी के कई सामान बरामद :** इनके पास से एक स्कूटी, 650 ग्राम गांजा, चार मोबाइल, तीन चांदी का चम्मच, दो ब्लूटूथ हेडफोन, एक हाथ घड़ी नकद 11,200 रुपये, एक सोने जैसी अंगूठी, एक जोड़ा चांदी का पायल, चांदी का एक प्लेट, चांदी के आठ सिक्के, एक चांदी का बिछिया, चांदी का की बाली, एक लैपटॉप, जेबीएल कंपनी का ब्लूटूथ स्पीकर, ट्रॉली बैग और एक बाइक बरामद हुई है। इसके साथ ही चोरी की घटनाओं को अंजाम देने में इस्तेमाल होने वाले औजार एक स्क्रू ड्राइवर, एक प्लस और एक सलाई रिंच भी जब्त की गई है।

## बागबेड़ा स्थित नया बस्ती के लगभग 100 घरों में घुसा पानी



बागबेड़ा के नई बस्ती इलाके में भरा पानी। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** शहर में लगातार 48 घंटे से हो रही बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। इसके कारण तटीय क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बुधवार को बागबेड़ा के नया बस्ती, बाबाकुटी, सिद्धू कान्हू बस्ती और गोलगप्पा बस्ती के नीचले इलाके के लगभग 100 घरों में पानी घुस गया है। लोग घर छोड़ कर समान सहित सुरक्षित स्थान पर जा रहे हैं। बाढ़ पीड़ित लोगों के लिए जिला प्रशासन ने बागबेड़ा मध्य विद्यालय, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में राहत शिविर बनाया है। प्रशासन द्वारा माइक के माध्यम से लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की जा रही है। अभी तक किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

**नाला का अतिक्रमण के कारण उत्पन्न हुई स्थिति :** लोगों द्वारा बागबेड़ा बड़ा नाला का अतिक्रमण कर घर बनाया गया है। अतिक्रमण के कारण नाले की चौड़ाई काफी कम हो गई है। वहीं वर्षों से नाले की सफाई नहीं होने की वजह से नाले में जमे गाद मिट्टी के कारण बरसात का पानी घरों में घुस जा रहा है। इस कारण बागबेड़ा के नीचले क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। फिलहाल जिला प्रशासन स्थिति पर नजर रख रहा है।

## सरयू राय ने विधानसभा में उठाया हरमंदिर साहेब प्रबंधन का मामला

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर पूर्वी के विधानसभा सरयू राय ने झारखंड विधानसभा में मानसुन सत्र के दौरान बुधवार को शून्यकाल के दौरान पटना स्थित तख्त हरमंदिर साहेब की 15 सदस्यीय समिति में झारखण्ड का स्थान सुरक्षित करने का मामला जोरदार ढंग से उठाया। साथ ही सभा अध्यक्ष से इस बारे में सरकार को संज्ञान लेने का निर्देश देने का आग्रह किया।



सरयू राय की फाईल फोटो।

ज्ञात हो कि 10वें सिख गुरू, गुरू गोविंद सिंह जी की जन्मस्थली पटना साहेब में स्थित तख्त हरमंदिर जी का प्रबंधन 15 सदस्यीय समिति करती है। इसका संचालन 1955 में बने संविधान और नियामवाली के तहत होता है। प्रबंधन समिति में अमृतसर, कोलकाता, लखनऊ, दिल्ली सहित उत्तर एवं दक्षिण बिहार का प्रतिनिधित्व है। बिहार का पुनर्गठन होकर झारखण्ड राज्य बना है। अभीतक दक्षिण बिहार के साथ झारखण्ड था। दक्षिण बिहार और झारखण्ड का संयुक्त प्रतिनिधित्व तख्त हरमंदिर साहेब के प्रबंधन की 15 सदस्यीय समिति में रहता था।

विधानसभा में विधायक सरयू राय ने कहा कि यह साजिश हो रही है कि झारखण्ड को दक्षिण बिहार के प्रतिनिधि से अलग कर दिया जाय, इसके लिए तख्त हरमंदिर समिति के संविधान में संशोधन किया जाय। उन्होंने कहा कि दक्षिण बिहार में केवल 15 गुरूद्वारा है, और झारखंड में 120 के करीब गुरूद्वारा है। इस तरह झारखण्ड को प्रतिनिधित्व से वंचित करने की साजिश चल रही है।उन्होंने कहा कि जब अमृतसर, कोलकाता, लखनऊ, दिल्ली के सिख प्रतिनिधि तख्त हरमंदिर साहेब की 15सदस्यीय समिति में है तो झारखण्ड को इसमें प्रतिनिधित्व नहीं देना कहीं से भी उचित नहीं है। उन्होंने राज्य सरकार से माँग करते हुए कहा कि बिहार की सरकार के साथ वार्ता कर तख्त हरमंदिर साहेब प्रबंधन समिति में झारखण्ड का स्थान सुरक्षित कराने की मांग की है।

## बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़, चोरी की 14 बाइक सहित तीन सदस्य गिरफ्तार

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** बमामाईंस पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर चोरी की 14 बाइक बरामद हुई है। गिरफ्तार अभियुक्तों में गोलमुरी निवासी सूरज सिंह उर्फ केडी, बिरसा नगर निवासी आयुष नाग और सुंदरनगर का रहने वाला श्रीनाथ रजक शामिल है। बमामाईंस थाना में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित ग्रामीण एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि 29 जुलाई को बमामाईंस निवासी मनीष कुमार पाल की एक बाइक चोरी हुई थी। इस मामले में मनीष कुमार ने थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कार्रवाई थी। अनुसंधान के क्रम में पुलिस को गुप्त सूचना मिली की चोरी गई बाइक गोलमुरी के रहने वाले सूरज सिंह उर्फ केडी के पास है। इसके बाद पुलिस ने टीम बनाकर छापामारी की और सूरज सिंह के घर से चोरी गई बाइक को बरामद करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।



गिरफ्तारी की जानकारी देते ग्रामीण एसपी व मौजूद पुलिस पदाधिकारी। ● फोटोन न्यूज

### ग्रामीण क्षेत्र में खपाते थे बाइक

पूछताछ में सूरज सिंह ने अपने साथी आयुष नाग और श्रीनाथ रजक का नाम बताया, जिसके उपरांत पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। इनके पास से चोरी की अन्य बाइक बरामद हुई। ग्रामीण एसपी ने बताया कि बरामद बाइकों में से छह बाइक का सत्यापन हो गया है, जबकि अन्य बाइकों की जांच पड़ताल की जा रही है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सूरज सिंह उर्फ केडी और आयुष नाग नशे के लिए बाइक चोरी की घटना को अंजाम देते हैं। दोनों चोरी के बाद बाइक को श्रीनाथ रजक को मात्र ढाई हजार रुपए में बेच देते थे, जिन्हें श्रीनाथ रजक ग्रामीण क्षेत्रों में खपा देता था। गिरफ्तार अभियुक्त पूर्व में भी जेल जा चुके है।

## KARIM CITY COLLEGE में CA व IT के नये सत्र के लिए स्वागत समारोह आयोजित

# छात्रों को पढ़ाया गया अनुशासन का पाठ

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** करीम सिटी कॉलेज में बुधवार को कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग (सीए) और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (आईटी) के नये सत्र 2023-2027 के लिए स्वागत समारोह आयोजित किया गया। जिसमें नवनामांकित विद्यार्थी तथा उनके अभिभावक उपस्थित हुए।



कार्यक्रम में मौजूद प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रियाज व अन्य। ● फोटोन न्यूज

डॉ. अनवर शहाब, सीए और आईटी विभाग समन्वयक ने विभाग के शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों का परिचय दिया तथा छात्रों को सोशल मीडिया प्लेटफार्मों में भागीदारी कम करने और अपने डोमेन का विस्तार करने की सलाह दी।

सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की सहायक प्रो कंचन बाला ने बीसीए और बीएससीआईटी के पाठ्यक्रम संरचना के बारे में बताया। कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग की सहायक प्रो नूरुस सबा ने विभागों की उपलब्धियों और गतिविधियों पर चर्चा की।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीएन त्रिपाठी ने एनईपी 2020, परीक्षा और पंजीकरण के संबंध में जानकारी साझा की। प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रेयाज ने छात्रों का स्वागत किया और एनईपी 2020, डिजीलॉकर, छात्रों की सुविधाओं, कॉलेज के विभिन्न प्लेटफार्मों और प्लेसमेंट गतिविधियों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की सहायक प्रो रत्ना पांडे ने किया और मोहम्मद असगर अली, सहायक प्रोफेसर, कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित इस समारोह में डॉ. एसएम याहिया इब्राहीम, डॉ. कौसर तस्नीम, प्रो. डॉ. जी. विजयालक्ष्मी, प्रो गजाला रूही, शिबराम बेरा और प्रीति सिंह, शेख मुन्नेरुल इस्लाम, समीउल्लाह आदि उपस्थित थे।

## महिला कॉलेज चाईबासा में जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत महिला कॉलेज में बुधवार को जिला स्तरीय भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें महिला कॉलेज चाईबासा, टाटा कॉलेज चाईबासा, मधुसूदन महतो टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के छात्र-छात्राएं प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उपस्थित हुए। साथ ही महिला कॉलेज चाईबासा के एनएसएस वॉलिंटियर्स और छात्राएं शामिल हुए। भाषण प्रतियोगिता के लिए जज टाटा कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ हरीश कुमार, महिला कॉलेज के प्रो सुजाता किस्पोट्टा, प्रो राजीव लोचन नमता रहे। क्विज प्रतियोगिता के लिए जज प्रो. सीतेंद्र रंजन सिंह और प्रो. धनंजय कुमार रहे।

इस अवसर पर प्राचार्या डॉ प्रीतिबाला सिन्हा ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा के इस तरह के आयोजन में बढ़-चढ़कर के हिस्सा लेना चाहिए। इससे व्यक्तित्व का विकास होता है। प्रतियोगिता के उपरांत जजों के द्वारा परिणाम की घोषणा की गई। भाषण प्रतियोगिता में पहला स्थान महिला कॉलेज की छात्रा एंजेल दादेल दूसरा स्थान टाटा कॉलेज की छात्रा प्रियंका प्रियदर्शनी तथा तीसरा स्थान टाटा कॉलेज की पायल सुंडी ने प्राप्त किया।

## BRIEF NEWS

### आवश्यकता आधारित 600 शिक्षकों के समायोजन की उठी मांग

**JAMSHEDPUR :** झारखंड राज्य विश्वविद्यालय संविदा शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमण्डल संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर आवश्यकता आधारित शिक्षकों के समायोजन करने के संबंध में मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र में झारखंड राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों में कार्यरत लगभग 600 आवश्यकता आधारित शिक्षकों को समायोजन करते हुए सेवा नियमित करने, यूजीसी द्वारा तय सहायक प्राध्यापक का मानदेय के साथ 65 वर्ष तक सेवा विस्तार करने, नियमित बहाली के द्वारा आए सहायक प्राध्यापक के आने के बाद भी हमारी सेवा समाप्त न करने संबंधी बातें की गई है। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मंडल से कहा कि सरकार की नजर आपपर है समायोजन पर सरकार बातचीत करेगी। आपलोगों के मानदेय में हमने वृद्धि किया है आपकी बेहतरी के लिए सरकार हरसंभव प्रयास करेगी। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश संरक्षक, डॉ. कमलेश कुमार कमलेंदू, प्रदेश महासचिव डॉ. संतोष कुमार, प्रदेश महासचिव, प्रोफेसर विनोद एक्का, डॉ. गोपीनाथ पाण्डेय, प्रो. दीपक कुमार, प्रो. इंद्रजीत शामिल थे।

### मानगो की बर्फ फैक्टरी में अमोनिया गैस का रिसाव, 10 वर्षीय बच्चा चपेट में

**JAMSHEDPUR :** मानगो स्थित आजादनगर थाना अंतर्गत जवाहरनगर रोड नंबर 8 के पास स्थित बर्फ फैक्टरी में मंगलवार देर शाम अमोनिया गैस का रिसाव शुरू हो गया। गैस रिसाव से मौके पर अफराझतफरी मच गई। पड़ोस में रहने वाले 10 वर्षीय अक्षय कुमार गैस की चपेट में आ गया। अक्षय को सांस लेने में तकलीफ होने के बाद उसे परिजनों ने तत्काल एमजीएम अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज चल रहा है। इधर सूचना पाकर झारखंड अग्निशमन विभाग और टाटा स्टील की दमकल मौके पर पहुंची और रिसाव पर काबू पाने के प्रयास में जुट गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। बताया जाता है कि उक्त बर्फ फैक्टरी का संचालन कांग्रेस नेता शाकिर खान द्वारा किया जाता है। बर्फ फैक्टरी में नियमों को ताक पर रखकर काम किया जाता है। मंगलवार को पैकिंजिंग बदलने के दौरान गैस का रिसाव हो गया।

### परसुडीह में पत्थर से कुचकर की गई एक व्यक्ति की हत्या

**JAMSHEDPUR :** कालियासोल गौशाला से सुंदरनगर जाने वाले रास्ते में बुधवार सुबह शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव मिलने की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। इधर सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस के शव गृह में रखवा दिया। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। व्यक्ति का सिर पत्थर से कूच दिया गया है। उसके हाथ में मां और एसके नाम का टैटू बना हुआ है। फिलहाल पुलिस मृतक की पहचान करने में जुट गई है।

### प्रदेश महासचिव प्रणव महतो ने पार्टी व पद से इस्तीफा दिया

**JAMSHEDPUR :** ऑल इंडिया युवा तृणमूल कांग्रेस झारखंड प्रदेश के प्रधान महासचिव प्रणव महतो ने बुधवार को पार्टी एवं पद से इस्तीफा दे दिया है। मौके पर प्रणव महतो ने कहा कि पार्टी ने झारखंड में संगठन पर कभी ध्यान नहीं दिया, परिणाम 2019 के लोकसभा चुनाव के पश्चात संगठन लगातार निष्क्रिय होता गया। पार्टी के झारखंड प्रदेश के कई नेता प्रदेश प्रभारी से लेकर शीर्ष नेतृत्व तक झारखंड में संगठन एवं आंदोलन पर बात की परंतु प्रदेश प्रभारी एवं शीर्ष नेतृत्व कभी ध्यान नहीं दिए। प्रणव महतो ने कहा कि जल्द पार्टी के जिला एवं प्रदेश के कई पदाधिकारी भी इस्तीफा देंगे। प्रणव महतो के साथ ऑल इंडिया युवा तृणमूल कांग्रेस के जिला पूर्वी सिंहभूम अध्यक्ष मंतोष शर्मा, युवा महासचिव कैलाश महतो, उपाध्यक्ष दिलीप कर्मकार, अल्पसंख्यक मोर्चा के नगर अध्यक्ष बलबीर सिंह, महासचिव मोंटी सिंह, टीएमसी जिला सदस्य विकास महतो, राजेश सिंह, मनोज तन्तुबाई सहित पार्टी के कई कार्यकताओं ने संयुक्त रूप से पार्टी से इस्तीफा दे दिया।

# जातिगत-गणना

बिहार में जातिगत-गणना पर रोक लगाने संबंधी तमाम याचिकाओं को खारिज करते हुए पटना उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को इस दिशा में आगे बढ़ने की इजाजत दे दी है। गौरतलब है, बिहार सरकार ने जनवरी 2023 से राज्य में जातियों के सर्वेक्षण की कवायद शुरू की थी और इस काम को मई तक पूरा भी हो जाना था, पर इसके खिलाफ याचिकाएं दायर होती गईं और न्यायालय ने अपीलकताओं की चिंताओं को देखते हुए सुनवाई होने तक इस कवायद पर अंतरिम रोक लगा दी थी। हालांकि, तब तक सर्वे का प्रथम चरण पूरा भी हो गया था। जाहिर है, उच्च न्यायालय ने तो याचिकाओं की सुनवाई के बाद कानून के दायरे में अपना फैसला दिया है, पर राजनीति के लिहाज से इसके अर्थ गहरे हैं। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जो सियासी हस्तियां नीतीश सरकार की इस मुहिम की आलोचना कर रही थीं या जिन दलों के समर्थक तत्वों ने जातिगत-सर्वे को रुकवाने के लिए न्यायालय में आधा दर्जन याचिकाएं डाली थीं, वे भी अब आगे बढ़कर अदालती फैसले और इस सर्वेक्षण के हक में बातें कर रहे हैं। इस तथ्य से कोई इनकार नहीं कर सकता कि सत्ता-प्रतिष्ठानों के लिए किसी भी योजना की रूप-रेखा तैयार करने और उसके सफल क्रियान्वयन में प्रामाणिक आंकड़ों का सबसे अहम रोल होता है। सटीक आंकड़ों से न सिर्फ लक्षित आबादी के कल्याण की राह निष्कंटक हो सकती है, बल्कि राज्य के संसाधनों का अधिकतम सदुपयोग हो सकता है। अब तक विभिन्न तरह की जो गणनाएं हुई हैं, उनमें कई तरह की खामियां उजागर होती रही हैं। जैसे, अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण तो दे दिया गया, मगर उनकी आबादी का ठोस आंकड़ा नहीं है। बिहार सरकार की सबसे बड़ी चुनौती इस पूरी कवायद में पारदर्शिता की है। वैसे, मौजूदा दौर में पारदर्शिता सुनिश्चित करने में कोई परेशानी होनी नहीं चाहिए। कमोबेश तकनीकी तरक्की गांव-गांव तक पहुंच चुकी है और फिर अधिकतम लोगों के पास आधार कार्ड आदि के रूप में पुख्ता पहचान-पत्र है। ऐसे में, दोहराव की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। आशा है, इससे बिहार की एक मुकम्मल प्रामाणिक सामाजिक तस्वीर हमारे सामने होगी। इस कवायद के मूल में सामाजिक उत्थान के साथ-साथ राजनीतिक हित-साधन भी एक बड़ा मकसद है और बिहार में महागठबंधन सरकार इसका श्रेय लेने की पूरी कोशिश करेगी। विपक्षी पार्टियों का महागठबंधन (इंडिया) पहले ही राष्ट्रीय स्तर पर जातिगत गणना को अपना एक अहम मुद्दा घोषित कर चुका है। ऐसे में, आने वाले दिनों में धर्म और जाति के नाम पर गोलबंदी का नया दौर शुरू हो सकता है। मगर इस राजनीति की विडंबना यह है कि यह सामाजिक जकड़बंदी को ढीला करने के बजाय उसे और मजबूत करती है। हमारे पुरखों ने तो सोचा यही था कि भारतीय नागरिकों को इतनी अधिक सामाजिक आजादी हासिल होगी कि उन्हें विशेष प्रावधानों की जरूरत ही न रहे, मगर राजनीति ने जाति व आरक्षण को पहचान से इस कदर जोड़ दिया है कि अब इससे निकट भविष्य में छुटकारा संभव नहीं दिखता।

# शांति बहाल हो

दिल्ली-एनसीआर से सटे हरियाणा का नूंह इलाका सोमवार को अचानक जिस तरह से हिंसा, तोड़फोड़ और आगजनी की चपेट में आ गया, वह कई लिहाज से चौंकाने वाला है। हिंसा का अचानक फूट पड़ना ही नहीं, उसकी व्यापकता भी चिंताजनक थी। नूंह-मेवात से शुरू हुई हिंसा, अराजकता और तनाव की लहर गुड़गांव, फरीदाबाद और पलवल तक फैल गई। सरकार का कहना है कि इन घटनाओं के पीछे वे लोग हैं, जो पहले से ही राज्य में अशांति फैलाना चाहते थे। लेकिन ऐसे तत्व हर राज्य में होते हैं। सवाल यह है कि वे सब अशांति फैलाने की साजिश कर रहे थे, उसे अंजाम देने की तैयारियां कर रहे थे और पुलिस-प्रशासन को उसकी भनक तक नहीं लगी, ऐसा क्यों? इसके साथ ऐसी खबरें भी आई हैं कि कुछ जगहों पर हिंसा की घटनाएं पुलिस की मौजूदगी में हुईं। पुलिस ने भी माना है कि उपद्रवी बड़ी संख्या में थे, इसलिए वह उन्हें रोकने में नाकाम रही। मगर यह मामला अचानक पैदा हुए कानून-व्यवस्था के एक तात्कालिक संकट तक सीमित नहीं है। निश्चित रूप से, फिलहाल सरकार और पुलिस का पहला काम हालात को काबू करना और इस पूरे क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करना ही होना चाहिए। उसके बाद इस हिंसा में शामिल और इसके लिए उकसाने या मदद मुहैया कराने वाले सभी तत्वों की पहचान कर उन्हें कानून सम्मत सजा दिलाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। लेकिन इन सबके साथ ही राज्य सरकार को अपनी कुछ नीतियों पर भी पुनर्विचार करने की जरूरत है। नूंह-मेवात के इस पूरे क्षेत्र में तनाव की स्थिति कोई सोमवार को ही पैदा नहीं हुई थी। यहां लंबे समय से तनाव बना हुआ था, जिसे सरकारी तंत्र ने नजरअंदाज कर रखा था। जिस तरह से गोरक्षकों के एक पूरे गैर सरकारी तंत्र को यहां फलने-फूलने दिया गया और उसे सरकारी संरक्षण मुहैया कराया गया, उस पर लंबे समय से सवाल उठ रहे थे। ऐसी शिकायतें आती थीं कि कथित गोरक्षकों की टोली कई बार कानून को हाथ में ले लेती है। यहां तक कि इस इलाके से सटे राजस्थान के भरतपुर इलाके के नासिर और जुनैद हत्याकांड से जुड़े लोगों की भी इस मामले में भूमिका बताई जा रही है। खबर है कि इस हत्याकांड के एक आरोपी मोनू मानेसर ने एक दिन पहले सोशल मीडिया पर विडियो जारी कर यात्रा में शामिल होने की बात कही थी और लोगों से भी बड़ी संख्या में पहुंचने की अपील की थी, जिससे तनाव बढ़ा।

# दुनिया में डिजिटल युग की चुनौतियां

ANALYSIS



डॉ. जे.एम. व्यास

**साइबर खतरे के परिदृश्य की जटिलता बढ़ गई है और क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहलों के माध्यम से उद्योगों, शिक्षा जगत और सरकार के बीच उच्च स्तरीय सहयोग की आवश्यकता है। एक सुरक्षित और भरोसेमंद साइबर स्पेस को बढ़ावा देने के लिए इन उभरती चुनौतियों का समाधान करने के लिए गृह मंत्रालय ने 13-14 जुलाई को गुरुग्राम (हरियाणा) में एनएफटी, एआई और मेटावर्स के युग में अपराध और सुरक्षा पर जी20 सम्मेलन की मेजबानी की। नॉन फंजीबल टोकन्स ने 2014 के बाद से कला बाजार में क्रांति ला दी है, जिससे डिजिटल संपत्ति के लिए डिजिटल स्वामित्व और उत्पत्ति स्थान सत्यापन सक्षम हो गया है। एनएफटी बाजार 2028 तक लगभग 20 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। हालांकि यह क्रांतिकारी तकनीक आपराधिक गतिविधियों के लिए नए द्वार भी प्रस्तुत करती है। नकली एनएफटी, अनधिकृत नकल और कॉपीराइट का उल्लंघन डिजिटल आर्ट के क्षेत्र में प्रमुख चिंताएं बन चुकी हैं।**

जैसे-जैसे दुनिया तेजी से डिजिटल युग में अपना विस्तार कर रही है, नॉन फंजीबल टोकन्स (एनएफटी), कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मेटावर्स जैसी तकनीक की प्रगति ने कला और संग्रहणीय बाजार, वाणिज्य और संचार सहित समाज के विभिन्न पहलुओं में क्रांति ला दी है। जहां ये नवाचार अपार अवसर और लाभ पहुंचा रहे हैं, वहीं यह अपराध और सुरक्षा के संदर्भ में अत्याधिक चुनौतियां भी पेश कर रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म बड़ी मात्रा में डेटा एकत्र और तैयार कर रहे हैं। इससे गोपनीयता संबंधी गंभीर चिंताएं पैदा हो रही हैं। नॉन फंजीबल टोकन्स (एनएफटी) के आसमान छूते उपयोग के साथ, उपयोगकताओं को ठगने और उनके डिजिटल वॉलेट से धन की चोरी करने के उद्देश्य से द्वेषपूर्ण एनएफटी घोटालों में वृद्धि देखने को मिल रही है। मेटावर्स अभी भी अपनी प्रारंभिक अवस्था में है लेकिन उपभोक्ताओं को उन सुरक्षा और गोपनीयता उपायों को समझने की आवश्यकता है जो प्लेटफार्म एनेबलर प्रदान करते हैं। साइबर खतरे के परिदृश्य की जटिलता बढ़ गई है और क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहलों के माध्यम से उद्योगों, शिक्षा जगत और सरकार के बीच उच्च स्तरीय सहयोग की आवश्यकता है। एक सुरक्षित और भरोसेमंद साइबर स्पेस को बढ़ावा देने के लिए इन उभरती चुनौतियों का समाधान करने के लिए गृह मंत्रालय ने 13-14 जुलाई को गुरुग्राम (हरियाणा) में एनएफटी, एआई और मेटावर्स के युग में अपराध और सुरक्षा पर जी20 सम्मेलन की मेजबानी की। नॉन फंजीबल टोकन्स ने 2014 के बाद से कला बाजार में क्रांति ला दी है, जिससे डिजिटल संपत्ति के लिए डिजिटल स्वामित्व और उत्पत्ति स्थान सत्यापन सक्षम हो गया है। एनएफटी बाजार 2028 तक लगभग 20 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। हालांकि यह क्रांतिकारी तकनीक आपराधिक गतिविधियों के लिए नए द्वार भी प्रस्तुत करती है। नकली एनएफटी, अनधिकृत नकल और कॉपीराइट का उल्लंघन डिजिटल आर्ट के क्षेत्र में प्रमुख चिंताएं बन चुकी हैं। इसके अलावा, एनएफटी लेनदेन में उपयोग की जाने वाली क्रिप्टो करेंसी से जुड़ी गुमनामी मनी लॉन्ड्रिंग, कर चोरी और अवैध वित्तपोषण की सुविधा प्रदान कर सकती है। इसके अलावा, एनएफटी प्लेटफॉर्म में मौजूद प्रतिभूतियों के मुद्दे और अतिसंवदेनशीलता एक परिष्कृत साइबर हमले का कारण बन सकती हैं, जिससे भारी वित्तीय और साथ ही प्रतिष्ठा की हानि हो सकती है। हितधारकों के हितों की रक्षा करते हुए एनएफटी लेनदेन की प्रामाणिकता और वैधता सुनिश्चित करने के लिए मजबूत नियामक ढांचे स्थापित करने, कानून प्रवर्तन एजेंसियों को मजबूत करने और जी20 देशों के बीच अंतर्राष्ट्रीय संबंध और सहयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रसार ने विभिन्न उद्योगों में परिवर्तनकारी संभावनाओं को खोल दिया है। साइबर सुरक्षा, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और भविष्यसूचक बाजार/मौसम विश्लेषण सहित विभिन्न क्षेत्रों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में उभरी है। हालांकि, साइबर अपराधीजटिल साइबर हमलों को अंजाम देने और एआई-संचालित फर्जी योजनाएं शुरू करने के लिए एआई का उपयोग कर सकते हैं।आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रभाव सकारात्मक प्रगति के साथ, नकारात्मक परिणामों को भी शामिल करता है। अपराधियों के बीच जटिल साइबर हमलों को अंजाम देने, पहचान की चोरी करने और दुष्प्रचार करने के लिए एआई का उपयोग करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। एआई-पावर्ड मैलवेयर, एपीटी, डीडीओएस, डीप फेक तकनीक आदि एआई आधारित साइबर सुरक्षा हमलों के कुछ ऐसे ही उदाहरण हैं, जो निश्चित रूप से व्यक्ति की गोपनीयता, विश्वास और डिजिटल सामग्री की अखंडता के लिए एक गंभीर खतरे पैदा करते हैं। एआई के इस युग में, जी20 देशों के लिए साइबर सुरक्षा उपायों को तरजीह देना, वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देना और उभरते खतरों का अति सक्रिय होकर समाधान करने के लिए अनुसंधान के लिए संसाधन आवंटित करना अनिवार्य है। एआई के विकास और कार्यान्वयन के लिए नैतिक ढांचे की स्थापना जिम्मेदार उपयोग की गारंटी देगा और एआई-सक्षम आपराधिक कार्यों से जुड़े जोखिम कम होंगे। एआई शासन को मजबूत करना, जिम्मेदार एआई विकास को प्रोत्साहित करना और एआई-संचालित खतरे का पता लगाने वाले तंत्र को बढ़ाना एक सुरक्षित डिजिटल इको सिस्टम सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम हैं। मेटावर्स एक परस्पर जुड़ी वर्चुअल दुनिया का प्रतिनिधित्व करता है। इसमें लोग वास्तविक नहीं बल्कि वर्चुअल रूप से मौजूद रहते हैं। यह वास्तविक और डिजिटल सच्चाइयों के बीच की सीमाओं को धुंधला कर देता है। यह व्यवसायों, सामाजिक संस्कृति और बातचीत और मनोरंजन के लिए बड़ी संभावनाएं प्रदान करता है। लेकिन हर चीज कीमत चुकाने और उससे जुड़े जोखिमों से मुकाबला करने के बाद ही मिलती है। वर्चुअल पहचान की चोरी, फिशिंग घोटाले और वर्चुअल संपत्ति की चोरी इस तल्लीन वातावरण में संभावित खतरे हैं। इसके अलावा, मेटावर्स की विकेंद्रीकृत प्रकृति कानून प्रवर्तन प्रयासों को जटिल बना सकती है, जिससे सरकारों, प्रौद्योगिकी कंपनियों और साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों के बीच सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता होगी। मजबूत सुरक्षा मानकों को विकसित करना, उपयोगकर्ता शिक्षा को बढ़ावा देना और प्रभावी नियामक ढांचे को लागू करना साइबर अपराध को रोकने और एक सुरक्षित मेटावर्स अनुभव सुनिश्चित करने में सहायक होगा। जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी हमारी दुनिया को नया आकार दे रही है, जी20 देशों को उद्योग, शिक्षा, सरकार और विषय वस्तु विशेषज्ञों के सहयोग से अपराध और सुरक्षा के संदर्भ में एनएफटी, एआई और मेटावर्स द्वारा उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करने के लिए सक्रिय रूप से काम करने की आवश्यकता है।अंतरराष्ट्रीय सहयोग, मजबूत नियामक उपायों, तकनीकी नवाचारों और जन जागरूकता अभियानों के माध्यम से, बड़े पैमाने पर व्यक्तियों, व्यवसायों और समाजों के हितों की रक्षा करते हुए एनएफटी, एआई और मेटावर्स की परिवर्तनकारी शक्ति का उपयोग किया जा सकता है। नियामक ढांचे के अनुरूप इन उभरती प्रौद्योगिकियों के साइबर सुरक्षा वर्टिकल पर एक केंद्रित अनुसंधान और विकास दृष्टिकोण साइबर-सुरक्षित इको सिस्टम बनाने और हर स्तर पर इन प्रौद्योगिकियों को अपनाने को बढ़ावा देने में काफी मदद करेगा। असली उद्देश्य समाज को उभरते खतरों से सुरक्षित रखते हुए इन पथ प्रदर्शक प्रौद्योगिकियों की विशाल संभावना का दोहन करना होना चाहिए।



**लेखक, स्कूल ऑफ साइबर सिक्योरिटी ऐंड डिजिटल फॉरेंसिक, गांधीनगर (गुजरात) के कुलपति हैं।**

# राष्ट्र निर्माण का आधार स्तंभ है ज्ञान

भारत का चंद्रयान-3 मिशन अपने लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ रहा है। गत 14 जुलाई को लांच हुए इस मिशन का उद्देश्य दुनिया में पहली बार चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड करने का इतिहास रचना है। इसमें सफलता के बाद भारत चांद पर अपना रोवर उतारने वाला दुनिया का चौथा देश बन जाएगा। चंद्रयान-3 के लांच का सफर काफी लंबा रहा है। इससे पहले 2008 में भारत ने चंद्रयान-1 लांच किया था। वह सुदूर अंतरिक्ष में भारत का पहला मिशन था। चांद पर पानी की मौजूदगी के बारे में उसने महत्वपूर्ण जानकारी दी। वह अभियान इस कारण भी ऐतिहासिक रहा, क्योंकि यह इस दिशा में भारत का पहला प्रयास था। विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भारत की सफलता असल में भारतीय सभ्यता की ऐतिहासिक शक्ति है। विज्ञान, ज्योतिष, गणित, खगोल-विज्ञान, भूगोल और भौतिकी को यहां वैदिक युग के दिनों से ही प्रोत्साहन मिला है। आर्यभट ने प्राचीन काल में प्रतिष्ठित नालंदा विश्वविद्यालय स्थित वेधशाला में खगोलशास्त्र का अध्ययन किया था। उन्होंने इस विचार को खारिज कर दिया था कि पृथ्वी अचल है। उनकी परिकल्पना थी कि पृथ्वी गोल है, जो अपनी धुरी पर घूमती है। आर्यभट ने सूर्य और चंद्रग्रहण, चांद के द्वारा प्रकाश के परावर्तन, पृथ्वी और चांद के बीच की सटीक दूरी और ऐसी ही अन्य बातों को लेकर कई अन्य सिद्धांत भी दिए। तब ऐसा माना जाता था कि खगोल विज्ञान का अध्ययन करना महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे भारत के लोग जलवायु और वर्षा के बारे में अच्छी तरह जान पाएंगे। इसके मूल में खेती-बाड़ी के उद्देश्यों से लेकर त्योहारों और मौसमों की तारीखों का पता लगाना और समुद्र में आने-जाने से लेकर मछली पकड़ने से जुड़ी जानकारियों को जुटाना था। वेदांग ज्योतिष को खगोल विज्ञान पर सबसे प्राचीन ग्रंथों में से एक माना जाता है, जिसकी रचना लगध ऋषि ने की थी। इसमें खगोलीय गणना की विधियों के बारे में विस्तार से बताया गया है, जिनसे चंद्र और सौर कैलेंडर बनाए जाते रहे। भारत की परंपरा में हमेशा से ही ज्ञान का सृजन होता रहा है। नालंदा, तक्षशिला, वल्लभी और विक्रमशिला जैसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों की स्थापना उस समय के शासकों द्वारा की गई, जो उनके शासनकाल की समाप्ति के बाद भी वर्षों तक ज्ञान के केंद्र बने रहे। विश्वविख्यात नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना गुप्त वंश के सम्राट कुमारगुप्त प्रथम ने की थी। चौथी से छठी शताब्दी तक गुप्त वंश के हिंदू शासकों के संरक्षण में इस बौद्ध महाविहार का तेजी से विकास हुआ, जिसके बाद इस क्षेत्र पर पाल वंश का नियंत्रण हो गया। पाल वंश के राजाओं ने इस विश्वविद्यालय को नष्ट नहीं किया। इसके बजाय उन्होंने इसे सुरक्षित रखते हुए इसका विस्तार किया। अधिकांश प्राचीन भारतीय शासकों के साथ ही उन्होंने भी ज्ञान सृजन के महत्व को समझा। विभिन्न वंशों के राजाओं ने तक्षशिला और विक्रमशिला जैसे प्राचीन विश्वविद्यालयों सहित अनेक प्राचीन भारतीय विश्वविद्यालयों के संरक्षक की भूमिका निभाई। तुर्क-अफगानी आक्रांता और अंग्रेज जब तक नहीं आए, तब तक ज्ञान एवं उसके केंद्रों को दिव्य और इतना पवित्र माना जाता था कि युद्ध के समय में भी उन्हें क्षति नहीं पहुंचाई जाती थी। इसरो की सफलता गाथा विज्ञान और ज्ञान को उस युग में मिलने वाले सम्मान का प्रमाण है, जो नए युग के स्वतंत्र भारत में एक बार फिर से लौटा है। वर्ष 2019 में इसरो ने चंद्रयान-2 लांच किया था, जिससे चांद की सतह पर उतरने के बाद वहां की स्थलाकृति का अध्ययन करने और उसकी सतह का मानचित्रण करने की आशा थी। हालांकि, उससे सारे संपर्क उस समय टूट गए जब उसका लैंडर चांद से महज 400 मीटर दूर था। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री मोदी जी के दिल के भी काफी करीब था और जब विज्ञानी उसकी विफलता से भावुक हुए तो उन्हें संभालने के लिए उस समय वह उनके साथ खड़े थे। देश अपने अंतरिक्ष विज्ञानियों के साथ खड़ा था और उनके कार्य की आंशिक सफलता पर भी उत्साहित था। करीब साढ़े तीन वर्ष बाद इसरो के विज्ञानियों ने अपने पिछले मिशन की खामियों का पता लगाया और चंद्रयान-3 बनाया। उम्मीद है कि अगस्त के अंत तक वह सफलतापूर्वक चांद पर उतर जाएगा। करीब 978 करोड़ रुपये की चंद्रयान-2 परियोजना में पूर्ण सफलता न मिलने के बाद भी चंद्रयान-3 में 615 करोड़ रुपये का निवेश इसका प्रमाण है कि देश ऊंचे लक्ष्य तय करने के लिए तैयार है और इस दिशा में कुछ प्रयासों के विफल होने के बावजूद प्रौद्योगिकी के अपने रचनाकारों का उत्साह बढ़ाने की पर्याप्त क्षमता रखता है। पिछले कुछ दशकों में भारत की विकसित होती आर्थिक शक्ति जीवन के सभी क्षेत्रों में साहसिक कदम उठाने से घबराती नहीं। नए भारत का प्रमाण यह नहीं कि कितनी गलतियां होती हैं या गलतिया होती भी हैं या नहीं, बल्कि इसे उन गलतियों से सीखकर दमदार वापसी के लिए जाना जाता है। भारत के पहले स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस और दुनिया की पहली सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस जैसे इंजीनियरिंग के ऐतिहासिक चमत्कारों को एक के बाद एक विफलता का सामना करना पड़ा, लेकिन अंत में वे सफल हुए और अपने अपने-अपने क्षेत्र के लिए आदर्श बने। इसरो अमेरिका के नासा, रूस के रोस्कोस्मोस और चीन के चीन नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन जैसे अंतरिक्ष क्षेत्र के दिग्गजों की ताकत को टक्कर दे रहा है, जबकि उनके बजट की तुलना में इसके संसाधन कुछ भी नहीं हैं। स्मरण रहे कि महान देश प्रौद्योगिकी और ज्ञान के सबसे मजबूत स्तंभों पर ही खड़े होते हैं। बख्तियार खिलजी ने नालंदा को नष्ट कर जला दिया था। इसी प्रकार पूरे भारत में ज्ञान के केंद्रों और भारतीय शिक्षण संस्थानों को भौतिक एवं नैतिक रूप से भी तहस-नहस किया गया। उस विध्वंस के सैकड़ों साल बाद हम न केवल अंतरिक्ष में अपने सबसे नजदीकी पड़ोसी यानी चंद्रमा को जानने में जुटे हैं, बल्कि अपनी सभ्यता की विस्मृत कर दी गई क्षमता का अनुभव भी कर रहे हैं।

## Social Media Corner

सच के हक में...



श्री पिंगली वेंकैया जी द्वारा अभिकल्पित तिरंगा आज भारत के गौरव, अखंडता व शक्ति का परिचायक है। इस तिरंगे ने समूचे राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोया है जिसकी आन-बान और शान को बढ़ाने के लिए देशवासी निरंतर कटिबद्ध रहते हैं। राष्ट्रीय ध्वज को स्वरूपित करने वाले ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानी वेंकैया जी की जयंती पर उन्हें चरणवंदन करता हूं।

**(गृह मंत्री अमित शाह के ट्विटर अकाउंट से)**



सुकेश चंद्रशेखर से बड़ा ठग है झारखंड की सत्ता का दलाल प्रेम प्रकाश। सुकेश ने केजरीवाल से दोस्ती गांठी। आज तिहाड़ जेल में बंद है। प्रेम भी सुकेश की तरह जेल में बंद है। अपनी करतूतों से प्रेम ने कईयों को जेल में पंहुचा दिया और न जाने इसके और कितने प्रेमी आगे जेल जाने के लिये अपने नम्बर का इंतजार कर हांफ रहे हैं? प्रेम झारखंड के हर घोटाले में भागीदार है। जमीन से लेकर शराब और अवैध खनन में प्रेम मास्टरमाइंड है। जेल में होने के बाद भी सत्ता के चहेतों और कुछ अफसरों के गुड बुक में प्रेम है। किसकी सह पर? सबको पता है। आखिर प्रेम लीला से कैसे मुक्त होगा झारखंड?

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# मन की बात में श्रावण मास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम में विविध विषय शामिल होते हैं। वह देश में होने वाले विशेष कार्यों का उल्लेख करते हैं। इसके माध्यम से वह व्यापक संदेश देते हैं। लोगों को जागरूक करते हैं। इस बार उन्होंने श्रावण मास की चर्चा की। इसमें श्री काशी विश्वनाथ धाम और उज्जैन का उल्लेख किया। इसमें पौधरोपण और जल संरक्षण का भी संदेश था। अमेरिका से वापस मिलीं मूर्तियां मोदी की विदेश नीति की सफलता है। मुस्लिम महिलाओं को हज यात्रा की विशेष सुविधा प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री ने सऊदी अरब का आधार व्यक्त किया। 'मन की बात' में उत्तर प्रदेश के भी संदर्भ थे। इनका महत्व केवल इस प्रदेश तक सीमित नहीं था। बल्कि देश के लिए भी इनका महत्व है। शायद इसीलिए प्रधानमंत्री ने इनका विशेष रूप से उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीती 22 जुलाई को प्रदेश में हुए रिकॉर्ड 30.21 करोड़ पौधरोपण अभियान की सराहना की। प्रधानमंत्री ने संदेश दिया कि इस तरह के कार्यक्रम जनभागीदारी के बिना नहीं हो सकते। योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लाइव सुना। प्रशंसा के लिए उनका आभार व्यक्त किया। यह सच है कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश में पौधरोपण 'जन-आंदोलन' का रूप ले चुका है। मुख्यमंत्री का कहना है कि हम सभी हरित उत्तर प्रदेश के निर्माण के प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भी पांच करोड़ पौधरोपण के लिए संकल्पित हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के लोगों से पौधरोपण और जल संरक्षण का आह्वान किया। इस भाव को पवित्र श्रावण मास से जोड़ा। कहा कि इस समय सावन का पवित्र महीना चल रहा है। सदाशिव महादेव की साधना और अराधना के साथ ही सावन हरियाली और खुशियों से जुड़ा होता है। इस महीने का सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है। इन दिनों बारह ज्योतिलिंगों में खूब श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। बनारस में रिकॉर्ड तोड़ श्रद्धालु पहुंचे हैं। अब काशी में हर साल दस करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंच रहे हैं। योगी आदित्यनाथ समय-समय पर काशी पहुंच कर वहां विकास कार्यों और तीर्थयात्रियों की सुविधाओं का जायजा लेते हैं। इसी प्रकार योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के मेरी माटी, मेरा देश अभियान को प्रदेश में सफल बनाने का प्रयास शुरू कर दिया है। मन की बात में मोदी ने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत गांव-गांव, कोने-कोने से 7500 कलश में माटी लेकर कलश यात्रा निकाली जाएगी। मिट्टी के अलावा पेड़ भी लाए जाएंगे। इसी के साथ दिल्ली में अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने अमृत सरोवर का भी उल्लेख किया। कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान बने साठ हजार से ज्यादा अमृत सरोवरों मे भी रौनक बढ़ गई है। अभी पचास हजार से ज्यादा अमृत सरोवरों को बनाने का काम चल भी रहा है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश अमृत सरोवर निर्माण में नंबर वन है। स्वतंत्रता दिवस पर सभी अमृत सरोवर के किनारे पौधरोपण किया जाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में मानसून के दौरान देश के कई राज्यों में बाढ़ की विभीषिका का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमने एक बार फिर से साहस और संकल्प का परिचय दिया है। इस संदर्भ में भी योगी आदित्यनाथ का कार्य उल्लेखनीय है। वह उज्जैन पर भी बोले। कहा, उज्जैन में देश के 18 चित्रकार, पुराणों पर आधारित आकर्षक चित्रकथाएं बना रहे हैं। ये चित्र, बूंदी शैली, नाथद्वारा शैली, पहाड़ी शैली और अपभ्रंश शैली जैसी कई विशिष्ट शैलियों में बनेंगे। इन्हें उज्जैन के त्रिवेणी संग्रहालय में प्रदर्शित किया जाएगा। इस क्रम में उन्होंने अमेरिका द्वारा वापस की गई मूर्तियों की चर्चा की।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



राजधानी में नक्शा पास कराने को लेकर बड़ी समस्या चल रही है। नक्शा ही पास नहीं हो रहा था। इससे वे अपने भवनों का निर्माण नहीं करा पा रहे थे। यह हालत पिछले सात महीने से लगातार बनी हुई थी। ऐसा तब था जब हाई कोर्ट की ओर से भी इस संबंध में आदेश जारी किया जा चुका था। हालांकि रांची नगर निगम की ओर से बताया गया कि नक्शे को पास करने के लिए नई तकनीक को एडाप्ट किया गया हे। नए साफ्टवेयर से नक्शे पास कराए जाएंगे। निगम की ओर से कोर्ट में बताया गया कि नए साफ्टवेयर का ट्रायल भी शुरू हो चुका है। ट्रायल सफल रहने पर निर्धारित प्रक्रिया से काम होने लगेगा। लोगों को दिक्कत नहीं होगी। ऐसी जानकारी मिल रही है कि अब ट्रायल सफल हो चुका है। नगर निगम और आरआरडीए में नक्शा पास करने के लिए आवेदन लेने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि राजधानीवासियों की यह दिक्कत दूर हो सकेगी। इस प्रक्रिया के अनुसार 30 दिनों के अंदर नक्शे के आवेदन का निपटारा हर हाल में करना होगा। अगर सब कुछ ठीक रहा तो 30 दिनों के अंदर नक्शा स्वीकृत होगा। सभी स्टेप के लिए समय सीमा भी निर्धारित की गयी है। सभी के लिए एक-एक सप्ताह का समय दिया गया है। नक्शा पास कर दो मंजिला भवन का नक्शा टाउन प्लानर पास करेगा, जबकि दो मंजिला से ऊपर का भवन का नक्शा प्रशासक पास करेंगे। पहली बार नक्शा स्वीकृत करने की प्रक्रिया में अपर प्रशासक व उप प्रशासक की कोई कोई भूमिका नहीं होगी। यह जरूरी भी था। लोग निजी निर्माण कर नही पा रहे थे। बड़े प्रोजेक्ट के काम भी लटके हुए थे। ऐसे में अब उम्मीद की जानी चाहिए कि यह समस्या दूर हो सकेगी।

**राजकुमार महतो, अध्यक्ष महावीर मंडल सुकुरहुट्टू कांके।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

BRIEF NEWS

## राउरकेला इस्पात संयंत्र में अत्याधुनिक 6.6 केवी स्विचबोर्ड का उद्घाटन



**ROURKELA :** विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए राउरकेला इस्पात संयंत्र के सिलिकॉन स्टील मिल कॉम्प्लेक्स में एक नए अत्याधुनिक 6.6 केवी. स्विचबोर्ड का उद्घाटन किया गया। नई सुविधा का उद्घाटन आरएसपी. के कार्यपालक निदेशक (वर्क्स), एसआर सूर्यवंशी ने मुख्य महा प्रबंधक (इलेक्ट्रिकल) एमके महाति, मुख्य महा प्रबंधक (मेकेनिकल) आरएन राजेंद्रन, मुख्य महा प्रबंधक (ऑटोमेशन और इंस्ट्रुमेंटेशन) सुदीप पाल चौधरी और मुख्य महा प्रबंधक (विद्युत वितरण), दिलीप कुमार भंज की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर संयंत्र के कई महा प्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में विद्युत वितरण एवं संबंधित विभागों के कर्मचारी उपस्थित थे। नया स्विचबोर्ड, अत्याधुनिक वैक्यूम सर्किट ब्रेकर और संख्यात्मक रिले से सुसज्जित को पुराने एनजीईएफ निर्मित एमओसीबी के स्थान पर लगाया गया जो 1980 के दशक की शुरूआत में स्थापित किया गया था।

## ओएएस परीक्षा में स्थितप्रग ने 43वीं रैंक हासिल कर पाई सफलता



**ROURKELA :** वर्तमान में कुतरा ब्लॉक बीईओ के रूप में कार्यरत स्थितप्रग पति ने इस साल ओएएस परीक्षा में 43वां स्थान हासिल किया और राउरकेला का नाम रौशन किया। बचपन से ही उन्हें विभिन्न संस्थानों से मेधावी छात्र के रूप में सम्मानित किया गया है। बसंती ने पहली से 12वीं कक्षा तक बसंती कॉलोनी स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल से पढ़ाई की है। 10वीं कक्षा में ए1 ग्रेड और 12वीं कक्षा में 95 प्रतिशत अंक हासिल किए। बाद में उन्होंने भुवनेश्वर गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज से मैकेनिकल विभाग में 90 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण किया। उन्होंने आने वाले दिनों में आईएएस की तैयारी करने का फैसला किया है। स्थितिप्रग के दादा पूर्व प्रधानाध्यापक स्वर्गवासी बामदेव पति से काफी प्रेरित रहे है। स्थितप्रग के पिता शरत कुमार पति और मां मंजुलता पति है।

## आरएसपी को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना बाकी है : अतनु भौमिक



**ROURKELA :** राउरकेला स्टील प्लांट के प्रभारी निदेशक अतनु भौमिक ने कहा, आरएसपी बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, लेकिन सर्वश्रेष्ठ हासिल करना अभी बाकी है। निदेशक प्रभारी मंगलवार से ही विभिन्न विभागों का दौरा किया और उन्हें उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उनके साथ कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) एसआर. सूर्यवंशी, कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं) पीके. साहू, कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सोमनाथ त्रिपाठी, कार्यपालक निदेशक (खान) आलोक वर्मा और आरएसपी के कई मुख्य महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थति थे। निदेशक प्रभारी ने ट्रैफिक एवं रॉ मटेरियल, स्टील मेल्टिंग शॉप-क्क और हॉट स्ट्रिप मिल-2 विभागों का दौरा किया। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बातचीत की और उनके शानदार प्रदर्शन के लिए टीम को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि ट्रैफिक एवं रॉ मटेरियल विभाग ने जुलाई, 2023 में 318,931 टन तैयार इस्पात उत्पाद (फिनिश्ड स्टील), भेजकर अपना सर्वश्रेष्ठ मासिक प्रदर्शन दर्ज किया। पिछला रिकॉर्ड मार्च, 2021 में 296,239 मीट्रिक टन दर्ज किया गया था। इसके अलावा जुलाई, 2023 में ट्रैफिक एवं रॉ मटेरियल विभाग ने तैयार इस्पात के लिए 112 रैक संचालित किये। इसने मार्च, 2022 में दर्ज अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ 107 रैक को पीछे छोड़ दिया।

# एक लाख 40 हजार घूस लेते लेखा लिपिक धराया

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** एसीबी की टीम ने बुधवार को चक्रधरपुर ग्रामीण कार्य विभाग कार्यालय से घूस लेते लेखा लिपिक को रंगेहाथ धर दबोचा। वह एक योजना का एग्रीमेंट कराने के एवज में संवेदक से 1 लाख 40 हजार रूपए घूस मांगा था। संवेदक घूस देना नहीं चाहता था। जिसके कारण इसकी शिकायत भ्रष्टाचार नियंत्रण ब्यूरो निगरानी विभाग में की थी।



लेखा लिपिक सरोज कुमार को ले जाती एसीबी की टीम। ● फोटोन न्यूज

एसीबी की टीम ने पहले इसकी सत्यता की जांच की। इसके बाद बुधवार को चक्रधरपुर ग्रामीण कार्य विभाग कार्यालय में लेखा लिपिक सरोज कुमार को 1 लाख 40 हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथों धर दबोचा।

बताया जा रहा है कि मनोहरपुर में डुबली पंचायत के गांव गोपटोला में देवेंद्र मांझी चौक से मदन गोप के घर तक पीसीसी पथ निर्माण का कार्य का कार्य करना था। सड़क निर्माण का कार्य का टेंडर हुआ था, लेकिन किसी कारण बस उनका एग्रीमेंट नहीं हुआ था। जिस कारण से सड़क निर्माण के लिए एग्रीमेंट होने के एवज में ठेकेदार मंझारी के अविनाश कुमार सिरका से 1 लाख 40 हजार रुपए घूस मांगा गया था। लेकिन उन्होंने देने में असमर्थ जाहिर किया तो विभाग के लोगों ने उन पर दबाव बनाया और कहा कि जब तक पैसा नहीं देंगे तब तक एग्रीमेंट नहीं होगा। जिस कारण से ठेकेदार असमर्थ होकर इसकी शिकायत निगरानी विभाग जमशेदपुर में इसकी शिकायत की। लेखा लिपिक सरोज कुमार को 1 लाख 40 हजार रुपया घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किए जाने के बाद पूरे जिला में हड़कंप मच गया।

बता दें कि निगरानी विभाग द्वारा उन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार करने के बाद जमशेदपुर ले गई। जहां उससे पूछताछ चल रही हैं। लेखा लिपिक सरोज कुमार विगत फरवरी माह में ही चक्रधरपुर में योगदान दिया था। वर्तमान में वे खूंटी आर ईओ विभाग में भी कार्यरत है।

# माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**PHOTON NEWS ROURKELA :** मालगोदाम में मुहर्रम के दिन माहौल बिगाड़ने की कोशिश करनेवालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर मदरसा मिफ्ताहुल उलूम की ओर से प्लांट साइट थाने में ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही शरारती तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गयी। थाने पहुंचे मुस्लिम समाज के लोगों ने पुलिस को बताया कि माहौल बिगाड़ने के इरादे से यह हरकत की गई है। इससे हमारी भावनाएं भी आहत हुई हैं। लिहाजा आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।



ज्ञापन देते मदरसा मिफ्ताहुल उलूम के लोग। ● फोटोन न्यूज

मौके पर बीजद अल्पसंख्यक सेल के गुड्डु सोनार ने कहा कि राउरकेला हमेशा से भाईचारगी का मिसाल रहा है। यहां हर मजहब के लोग शांति के साथ रहते हैं। लेकिन कुछ शरारती तत्व इसमें खलल डालना चाहते हैं। इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। साथ में आरिफ हुसैन, मकसूद आलम, नसीम अख्तर, एके शम्स मौजूद थे।

## मंत्री के आदेश पर शुरू हुआ पेयजल आपूर्ति का काम

**PHOTON NEWS ROURKELA :** शहर के छेंड कॉलोनी सी2एल1 ब्लॉक में करीब 40 परिवारों को कई वर्षों से पेयजल आपूर्ति की सुविधा नहीं मिल पा रही थी। विभागीय अधिकारी के द्वारा कुछ काम नहीं होने से 40 परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस संबंध में स्थानीय निवासी दामोदर पंडा के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने श्रम मंत्री व राउरकेला विधायक सारदा नायक से मुलाकात की। मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को तत्काल जलापूर्ति करने का निर्देश दिया।



कार्य का शुभारंभ करती रश्मिबाला मिश्रा। ● फोटोन न्यूज

जल आपूर्ति पदाधिकारी दुष्मंत तराई ने अपनी टीम लाकर काम शुरू कराया, जिससे स्थानीय निवासी खुश हैं। इस कार्य का शुभारंभ पूर्व चेयरमैन रश्मिबाला मिश्रा ने किया, जबकि इस मौके पर बीजेडी के वरिष्ठ नेता जयंत कुमार मिश्रा, अक्षय कुमार जेना, बनो दास, विभूति सामल, बटाकृष्णा मिश्रा, प्रदीप कुमार दास प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# भारी बारिश से जन-जीवन प्रभावित स्कूलों को बंद करने का दिया निर्देश

### राज्य की मौजूदा स्थिति की विशेष राहत आयुक्त ने की समीक्षा बैठक

**PHOTON NEWS BHUBANESHWAR :** बंगाल की खाड़ी में हवा के कम दबाव का क्षेत्र बनने से ओडिशा में बुधवार को भारी बारिश हुई, जिसके बाद कई निचले इलाकों में पानी भर गया। अधिकारियों ने बताया कि प्रशासन बुरी तरह से प्रभावित इलाकों में हरकत में आ गया और 12 से ज्यादा जिलों में शिक्षण संस्थानों को अस्थायी रूप से बंद करने की घोषणा की। विशेष राहत आयुक्त (एसआरसी) ने राज्य की मौजूदा स्थिति पर समीक्षा बैठक की और जिलाधिकारियों से प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करने को कहा।

**बैठक में इन जिलों के पदाधिकारी हुए शामिल :** अंगुल, बालासोर, बरगढ़, बौध, भद्रक, बोलांगीर, ढेंकनाल, गजपति, जाजपुर, झारसुगुड़ा, कंधमाल, क्योंझर, कालाहांडी, मयूरभंज, नुआपाड़ा, सुबरनापुर और संबलपुर के जिलाधिकारी ऑनलाइन माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

**ओडिशा में 24 घंटे में 83.8 मिलीमीटर हुई बारिश :** ओडिशा में बीते 24 घंटे में औसतन 83.8 मिलीमीटर बारिश हुई है तथा सबसे ज्यादा 390 मिमी बारिश बौध ब्लॉक में दर्ज की गयी। अधिकारियों ने बताया कि कम से कम चार ब्लॉक में 300 मिमी से ज्यादा बारिश दर्ज कई, जबकि 17 ब्लॉक में 200 मिमी, 68 में 100 से 200 मिमी के बीच बारिश हुई है।

**मालगाड़ी के इंजन पर गिरा चट्टान, हुई बेपटरी :** एक अधिकारी ने बताया कि भारी बारिश के बाद अंगुल जिले में हुए भूस्खलन के बाद एक चट्टान मालगाड़ी के इंजन पर आ गिरा, जिससे वह हण्डपा और बोइंडा के बीच पटरी से उतर गई। क्योंझर जिले के अधिकारी ने बताया कि बैतरनी नदी के एक द्वीप पर फंसी एक महिला को दमकल कर्मियों ने निकाल लिया है। एसआरसी दफ्तर में एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग का पूवार्नुमान है कि अगले दो दिन में भारी बारिश के आसार हैं जिसके मद्देनजर ओडिशा आपदा त्वारित कार्रवाई बल के दलों को क्योंझर और संबलपुर के रेढाखोल भेजा गया है।

**भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी :** भारी बारिश को देखते हुए सभी जिलाधिकारियों को एहतियाती उपाय करने को कहा गया है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के दलों को भद्रक एवं जाजपुर में तैनात किया गया है। इस बीच, मौसम विभाग ने सुंदरगढ़, झारसुगुड़ा, बारगढ़, बोलनगीर, सोनपुर, संबलपुर, देवगढ़, अंगुल, क्योंझर और बौध में भारी से बहुत भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की है।

### संत जेवियर इंग्लिश स्कूल एंड जूनियर कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

# तेज रफ्तार रेसिंग और नशे के कारण अपने जीवन को संकट में डाल रहे लोग : पाठक

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** संत जेवियर इंग्लिश स्कूल एंड जूनियर कॉलेज में बुधवार को सड़क सुरक्षा को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुफ्फसिल थाना प्रभारी सह ट्रैफिक इंचार्ज पवन चंद्र पाठक, परिवहन विभाग सड़क सुरक्षा टीम के आशुतोष कुमार एवं कुबेर प्रसाद आमंत्रित थे। जिन्होंने सड़क सुरक्षा को लेकर कई अहम बिंदुओं पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को जागरूक किया। इसमें विद्यालय के बच्चों के अलावा शिक्षक-शिक्षिकाएं व बस चालक भी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में बच्चों को जानकारी देते ट्रैफिक इंचार्ज पवन चंद्र पाठक। ● फोटोन न्यूज

कार्यक्रम का आरंभ ईश्वरीय वंदना के साथ किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर ज्योत्सना ने अतिथियों को सम्मानित किया। इसके बाद आशुतोष कुमार ने सड़क सुरक्षा संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज सड़क दुर्घटना एक आपदा का रूप ले चुका है। इसे रोकने के लिए उन्हें किन-किन नियमों का पालन करना चाहिए, इस संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी बच्चों को दी। 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को बाइक स्कूटी जैसे वालों का प्रयोग करने की अनुमति नहीं है। इस नियम का पालन न करने पर उन्हें दंडित किया जायेगा।

पवन चंद्र पाठक ने भी बच्चों को बताया कि आजकल लोगों द्वारा सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन न करने के कारण लोगों का जीवन असुरक्षित हो गया हैं। लोग तेज रफ्तार रेसिंग और नशे के कारण अपने जीवन को संकट में डाल रहे हैं। लापरवाह ड्राइविंग तथा तेज गति के कारण दुर्घटनाओं की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इसके लिए आज के समय में ट्रैफिक रूल्स तथा रोड सेफ्टी नियमों को जानना बेहद जरूरी है। सभी को प्रयास करना चाहिए बिना नियमों को तोड़े सडक सुरक्षा के प्रति जागरूक होकर यातायात करें। सड़क सुरक्षा संबंधित सेफ्टी डिवाइस हेलमेट आप की सुरक्षा के लिए है। सिर्फ फाइंन से बचने के लिए इसका उपयोग ना करें। अपने दिनचर्या में ट्रैफिक नियमों तथा सुरक्षा संबंधित उपकरण को लाएं। स्कूल यूनिफार्म में ड्राइव करते हुए पकड़े जाने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। सभी बच्चों को 18 वर्ष के बाद लाइसेंस बनाने के पश्चात ही ड्राइविंग करने का सुझाव दिया।

उन्होंने सभी बच्चों से यह वादा लिया कि सड़क सुरक्षा संबंधी सभी नियमों का पालन करेंगें और अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगें। उन्होंने सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में भी जागरूक किया। अंत में सभी को सड़क सुरक्षा के प्रति शपथ दिलाई गयी। साथ ही स्कूल प्रबंधन को सड़क सुरक्षा संबंधित पुस्तक उपलब्ध करवाया गया। मौके पर विद्यालय का छात्र अंकित झा ने सभी अतिथियों को तहे दिल से धन्यवाद दिया।

# लायंस क्लब ऑफ चाईबासा ने स्तनपान व डायन के प्रति महिलाओं को किया जागरूक

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** विश्व स्तनपान दिवस के तहत मंगलवार को लायंस क्लब ऑफ चाईबासा लावण्या की ओर से महिलाओं के बीच स्तनपान और डायन कुप्रथा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं को स्तनपान कराने के फायदे एवं गांवों में फैली डायन प्रथा जैसी कुप्रथा से अवगत कराया गया।



कार्यक्रम में महिलाओं को जानकारी देती प्रशिक्षु आईएएस व अन्य। ● फोटोन न्यूज

मौके पर मौजूद प्रशिक्षु आईएएस श्रुति राजलक्ष्मी ने इसपर विस्तृत जानकारी दी। उनके अनुसार डायन प्रथा मात्र एक अंधविश्वास है। अगर किसी को इससे जुड़ी कोई सूचना मिलती है तो उन्हें प्रशासन को जरूर अवगत कराना चाहिए। उन्होंने महिलाओं को यह आश्वासन दिलाया कि इस पर प्रशासन की ओर से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने महिलाओं को स्तनपान कराने के लाभ पर भी उचित एवं विस्तृत जानकारी दी।

इस दौरान बच्चों एवं महिलाओं के बीच केक, बिस्किट, समोसा, कलरिंग बुक एवं स्टेशनरी का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में लावण्या क्लब की अध्यक्ष पिंकी अग्रवाल, सचिव पिंकी भालोटिया, कोषाध्यक्ष मनीषा पीरोजीवाला एवं पूर्व अध्यक्ष शालिनी सराफ समेत क्लब की सदस्या ज्योति रुंगटा, प्रीति विजयवर्गी, शिवानी खीरवाल, पल्लवी राठौड़, कुमकुम दोदराजका, प्रीति दोदराजका एवं कविता अग्रवाल ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में प्रयास एक नई पहल, संस्था से भी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बालासोर रेल हादसा : आज भी अपनों का इंतजार कर रहे 29 शव, नहीं हो पायी शिनाख्त

**PHOTON NEWS BHUBANESHWAR :** ओडिशा के बहनागा बाजार रेलवे स्टेशन पर दो महीने पहले तीन ट्रेनों की टक्कर में मारे गये 295 लोगों में से 29 शवों की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बताया कि इन शवों को एम्स भुवनेश्वर में पांच कंटेनरों में रखा गया है जबकि 266 शवों को उनके रिश्तेदारों को सौंपा जा चुका है।

### अस्पतालों और घटना स्थल से कुल 162 शव प्राप्त हुए थे

भुवनेश्वर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के अधीक्षक दिलीप कुमार परिदा ने बताया कि दो जून को हुई दुर्घटना के बाद उन्हें अलग-अलग अस्पतालों और घटना स्थल से कुल 162 शव प्राप्त हुए थे, जिसमें से 81 शवों को पहले चरण में उनके परिवार के सदस्यों को सौंप दिया गया था। बाकी बचे 81 शवों की शिनाख्त शुरू में नहीं हो सकी थी क्योंकि इनके कई दावेदार थे और कुछ अन्य समस्याएं भी थीं।

उन्होंने बताया कि डीएनए परीक्षण के नतीजों के आधार पर 52 और शवों को उनके परिवार को सौंपा गया और 29 शवों की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है।

### फंसा तकनीकी पेच, सरकार परेशान

उन्होंने बताया कि जिन शवों का डीएनए दावेदारों से मेल नहीं खाया उन्हें नियम के मुताबिक किसी को नहीं दिया जायेगा। अब इन शवों का क्या होगा। इस पर अधिकारी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। ये ऐसे शव हैं जिनको अपने परिजनों के आने का इंतजार है। इस दर्दनाक हादसे के बाद इन्हें मोक्ष कब मिलेगी यह सबसे बड़ा सवाल है। लेकिन इसका जवाब न तो सरकार के पास है और ना ही जिला प्रशासन देने को तैयार है।

### KOLHAN UNIVERSITY के कॉमर्स एंड बिजनेस मैनेजमेंट विभाग में सावन महोत्सव का आयोजन

# सावन महोत्सव संस्कृति और परंपरा का हिस्सा, इस माह का विशेष धार्मिक महत्व : डा. संजीव

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** कोल्हान विश्वविद्यालय के कॉमर्स एंड बिजनेस मैनेजमेंट विभाग की ओर से बुधवार को सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव का उद्घाटन करते हुए कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ संजीव कुमार सिंह ने कहा कि सावन महोत्सव मानना हमारी संस्कृति की एक परंपरा है। इस माह का धार्मिक महत्व भी बहुत है।



सावन महोत्सव के अवसर पर मौजूद विश्वविद्यालय की छात्राएं। ● फोटोन न्यूज

उन्होंने कहा कि हमें कभी भी अपनी संस्कृति को नही भूलना चाहिए। क्योंकि जब हम संस्कृति के करीब होते है तब ही हम प्रकृति के भी करीब होते है। संस्कृति और प्रकृति एक ही सिक्के के दो पहलू है। कॉमर्स विभाग की शिक्षिका प्रोफेसर कुमारी भवानी मुदी ने कहा कि प्रकृति हमारी मां समान है। ये हमें सब कुछ देती है जो हमें जीवन जीने के लिए चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि सावन माह सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। खासकर हमारे अन्नदाता किसान इसी माह में अपनी पूरी फसल लगा कर खेत में खुशी खुशी काम करते हैं।

विभाग की शिक्षिका प्रोफेसर पूजा कुमारी ने कहा की सभी छात्र-छात्राओं को सावन महोत्सव मानना चाहिए। साथ ही इस महोत्सव की सार्थकता को भी सभी को बताना चाहिए। उन्होंने बच्चों से कहा कि हमें प्रकृति से हमेशा लगाव रखना चाहिए। क्योंकि बगैर प्रकृति के हम सब अधूरे हैं। कार्यक्रम में एम कॉम के छात्र-छात्राओं द्वारा संस्कृति कार्यक्रम शिव तांडव, शिव स्तुति, मेहंदी प्रतियोगिता आदि अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम हॉल को इको फ्रेंडली फूल और पतियों से सजाया गया था। कार्यक्रम में विभाग के शोधार्थी किशन कुमार शर्मा ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर पूजा ने दिया।

# सुंदरगढ़ समेत 10 जिलों में बारिश का रेड अलर्ट, नदियों के जलस्तर में वृद्धि

**PHOTON NEWS BHUBANESHWAR :** सुंदरगढ़ जिले सहित 10 जिलों को बारिश के रेड अलर्ट जारी की गई है। गुरूवार सुबह तक 10 जिलों को रेड वॉर्निंग के साथ मौसम विभाग चेतावनी जारी की है। इन जिलों में भारी बारिश हो सकती है। सुंदरगढ़, झारसुगुड़ा, बरगढ़, बलांगीर, सोनपुर, संबलपुर, देवगढ़, अंगुल, क्योंझर और बौध। इन जिलों में बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। भारी बारिश से निचले जगहों में जल जमाव और अचानक बाढ़ आने का खतरा होने की आशंका है। भारी बारिश के कारण जिले के नदी का जलस्तर बढ़ने की संभावना है।



इसी तरह 5 जिलों के लिए ऑरेंज चेतावनी जारी की गई है। ढेंकनाल, मयूरभंज, नुआपाड़ा, कालाहांडी, कंधमाल के लिए जिलों को येलो अलर्ट चेतावनी जारी की गई है। बालासोर, भद्रक, कटक, नयागढ़, नबरंगपुर, जाजपुर में भी भारी बारिश की चेतावनी है। राज्य के कई जिलों में सरकारी और निजी स्कूल बंद कर दिये गये हैं। विभिन्न नदियों का जलस्तर बढ़ने से वैतरणी नदी में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। राउरकेला के ब्रामणी नदी के जल स्तर लगातार बड़ने के कारण पनपोष, बालूघाट, गर्जन के निचले हिस्से में रहने वालो लोगो में भय का माहौल है। ओड़िशा के स्वतंत्र राहत आयुक्त ने जिलाधिकारियों को स्थिति पर सतर्क नजर रखने का निर्देश दिया है।

# बेटी की फिल्म ड्रीम गर्ल-2 का प्रमोशन करते नजर आए चंकी पांडे



आयुष्मान खुराना और अनन्या पांडे स्टारर फिल्म ड्रीम गर्ल 2 जल्द ही रिलीज होने वाली है। इसी बीच अनन्या पांडे के पिता और एक्टर चंकी पांडे ने मजेदार अंदाज में फिल्म का प्रमोशन किया है। एक्टर ने इसी के साथ खुलासा किया है की फिल्म का ट्रेलर कब रिलीज होगा। चंकी ने ये वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है, जिसमें चंकी के साथ उनकी बेटी अनन्या पांडे भी नजर आ रही हैं। इस वीडियो में चंकी पूजा यानी आयुष्मान खुराना से चोरी छिपे फ्लर्ट करते हुए नजर आए। बीते दिन फिल्म का टीजर रिलीज हुआ था जिसमें रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के रॉकी यानी रणवीर सिंह ड्रीम गर्ल 2 की पूजा से बात करते हुए दिखाई दिए थे। टीजर में उनका चेहरा नहीं दिख रहा था। आयुष्मान खुराना के क्रॉस–ड्रेस्ड किरदार पूजा को शाहरुख खान की फिल्म से फोन पर बात करते हुए भी देखा गया था। वीडियो के साथ ही चंकी ने फिल्म के ट्रेलर लॉन्च की जानकारी भी दी है। राज शांडिल्य के निर्देशन में बनी ‘ड्रीम गर्ल 2’ फिल्म का ट्रेलर 1 अगस्त, 2023 को रिलीज होगा। पिछले कुछ समय से फिल्म के 3 से 4 प्रोमो वीडियोज सामने आ चुके हैं, जिन्हें देखकर मूवी को लेकर फैंस काफी एक्साइडेट हैं। बता दें, आयुष्मान खुराना और अनन्या पांडे की ये फिल्म 25 अगस्त, 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। ड्रीम गर्ल 2019 में आई फिल्म ड्रीम गर्ल का सीक्वल है। फिल्म में आयुष्मान खुराना, अनन्या पांडे, अन्नू कपूर, परेश रावल, असरानी, मनजोत सिंह और विजय राज भी दिखेंगे।


## ओएमजी 2 में बदलेगा अक्षय कुमार का भगवान शिव का किरदार?




फिल्म की रिलीज के रास्ते में आई एक और अड़चन अक्षय कुमार, पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम जैसे सितारों से सजी फिल्म ओएमजी 2 लगातार चर्चा में हैं। इस फिल्म की रिलीज डेट भी अब नजदीक आ रही है, मगर इसके साथ ही इसकी रिलीज के रास्तों में भी कई अड़चनें आ रही हैं। अक्षय कुमार, पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम जैसे सितारों से सजी फिल्म ओएमजी 2 लगातार चर्चा में हैं। इस फिल्म की रिलीज डेट भी अब नजदीक आ रही है, मगर इसके साथ ही इसकी रिलीज के रास्तों में भी कई अड़चनें आ रही हैं। यह फिल्म निर्माता– निर्देशक अनिल शर्मा की फिल्म गदर 2 साथ 11 अगस्त को रिलीज होने वाली थी, लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक अब फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गई है। हालांकि, मेकर्स की तरफ से अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। अब खबर आ रही है कि सेंसर बोर्ड चाहता है कि अक्षय कुमार भी अपना भगवान शिव का किरदार बदले। 'बीएफसी) की रिवाइजिंग कमेटी ने अक्षय कुमार स्टारर फिल्म को विवादास्पद बताया है और फिल्म को ए सर्टिफिकेट दिया है। फिल्म की रिलीज को बस कुछ ही दिन बचे हैं, लेकिन अभी तक सेंसर बोर्ड ने फिल्म को प्रमाणित नहीं किया है। खबर आ रही है कि मेकर्स फिल्म के कंटेंट और सीन्स के साथ समझौता करने को तैयार नहीं हैं।

### शिव की भूमिका को बदलने की रखी गई शर्त

‘ओएमजी’ के बाद ‘ओएमजी 2’ में दर्शक अक्षय कुमार के शिव लुक को देखकर काफी एक्साइटेड हो गए हैं। फैंस को अभिनेता का यह लुक काफी पसंद आ रहा है, लेकिन सेंसर बोर्ड को शायद अक्षय का लुक नहीं भाया है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन मूवी में अक्षय के भगवान शिव के किरदार को मंजूरी नहीं दे रहा है। सेंसर बोर्ड चाहता है कि मेकर्स अक्षय की भूमिका को बदलें और भगवान शिव की जगह उन्हें भगवान के दूत के रूप में दिखाएं।



# मेरी जान को खतरा है: कंगना रनौत

**सिक्योरिटी पर उठे सवाल तो सुब्रमण्यम स्वामी से भिड़ीं कंगना रनौत**

सुब्रमण्यम स्वामी ने कंगना रनौत का नाम लिए बिना उन्हें मिली सिक्योरिटी पर सवाल उठाया था, जिसका अब एक्ट्रेस ने जवाब दिया है। कंगना ने कहा है कि उनकी जान को खतरा है। वह महाराष्ट्र में राजनीतिक द्वेष का शिकार बन गई थीं। अपने बेबाक और बिंदास बयानबाजी के लिए चर्चा में रहने वालीं कंगना रनौत एक बार फिर चर्चा में हैं। दरअसल राजनेता और राज्यसभा के पूर्व सासंद सुब्रमण्यम स्वामी ने हाल ही कंगना रनौत की सिक्योरिटी पर सवाल उठाया था। उन्होंने एक्ट्रेस का नाम लिए बिना उन्हें मिली सिक्योरिटी पर तंज कसा था। इस पर अब कंगना रनौत ने जवाब दिया है। कंगना ने कहा है कि उनकी जान को खतरा है। कंगना ने यह भी कहा कि वह महाराष्ट्र में राजनीतिक द्वेष का शिकार बनीं, और उनकी कुर्बानी पर राष्ट्रवादी लोग वहां सरकार बना सकते थे। कंगना ने खुद को मिली सिक्योरिटी को भी जस्टिफाई करने की कोशिश की और कहा कि वह एक राइटर और प्रोड्यूसर भी हैं। उनकी जान को खतरा है। कंगना रनौत ने इस बारे में ट्विटर पर काफी कुछ लिखा है।

**कंगना रनौत का ट्वीट, सुब्रमण्यम स्वामी पर पलटवार**

उन्होंने ट्वीट किया, मैं सिर्फ एक बॉलीवुड स्टार ही नहीं, बल्कि एक मुखर नागरिक भी हूं, जो मुद्दों पर राय रखती हूं। मैं महाराष्ट्र में राजनीतिक द्वेष का निशाना बनी। मेरी कुर्बानी पर वहां राष्ट्रवादी लोग सरकार बना सकते थे। मैंने टुकड़े टुकड़े गैंग के बारे में भी बोला और खालिस्तानी संगठनों की भी खुलकर आलोचना की। मैं एक फिल्ममेकर, राइटर और प्रोड्यूसर भी हूं। मेरी अगली फिल्म इमरजेंसी में ऑपरेशन ब्लूस्टार भी शामिल है। मेरी जान को खतरा है। इसलिए मैंने अपनी सिक्योरिटी बढ़ाने की विनती की थी। सर क्या इसमें कुछ गलत है? हाल ही कंगना रनौत का नाम लिए बिना बॉलीवुड स्टार्स को मिली सिक्योरिटी पर ट्वीट किया था कि उन्हें हैरानी है कि क्या एसपीजी के पास फिल्म स्टार्स पर नजर रखने के अलावा और कोई काम नहीं है? जबकि पहले से ही उन्हें तगड़ी सिक्योरिटी दी हुई है।

**2020 से शुरू हुआ विवाद**

कंगना रनौत को 2020 में तब ङ्क प्लस सिक्योरिटी दी गई थी, जब एमसीडी ने शिवसेना सरकार के राज में एक्ट्रेस का मुंबई ऑफिस तोड़ दिया था। तभी से विवाद छाया हुआ है। कंगना ने उसी घटना के बाद वाई प्लस सिक्योरिटी की मांग की थी। बाद में शिवसेना नेता संजय राउत ने कंगना रनौत को मुंबई ने आने की धमकी दी थी। कंगना ने सुशांत सिंह राजपूत मौत मामले और ड्रग्स माफिया को लेकर काफी कुछ कहा था, और तभी से कंगना और संजय राउत के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई थी।

# रॉकी और रानी की प्रेम कहानी देख अनुराग ने करण के तारीफों के पुल



करण जौहर की लेटेस्ट फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी इन दिनो खूब चर्चा में हैं। फिल्म में रणवीर और आलिया की जोड़ी को लोग खूब पसंद कर रहें हैं। हर कोई करण जौहर की इस फिल्म की तारीफ कर रहा है, अब इसी के साथ ‘गैंग्स ऑफ वासेपुर’ के डायरेक्टर अनुराग कश्यप ने भी रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की जमकर तारीफ की है। फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप ने करण जौहर की फिल्म के लिए सोशल मीडिया पर फोटो शेयर कर अच्छा खासा नोट भी लिखा– करण जौहर की अब तक की सर्वश्रेष्ठ फिल्म। वह कभी भी अपनी दुनिया नहीं छोड़ता लेकिन वह किसी भी तरह का प्रहार करने से भी पीछे नहीं हटता। इसके अलावा यह केजेओ की दूसरी फिल्म है जिसके लिए मैंने टिकट खरीदे हैं, वह भी दो बार, और उन सभी को देखने के लिए भेज रहा हूं जो मुझ पर भरोसा करते हैं। कुछ बेहतरीन लेखन, उत्तम फॉर्म रणवीरसिंह, बेहद शानदार आलियाभट्ट और शानदार केमिस्ट्री। लंबे समय के बाद मुझे मुख्यधारा की हिंदी फिल्म में संवाद लेखन पसंद आया, जहां लोग वैसे ही बात करते हैं जैसे वे बात करते हैं।



# तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो के 15 साल हुए पूरे

## दिशा वकानी की होगी वापसी

सब टीवी पर प्रसारित होने वाले तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो ने इस शुक्रवार सफलतापूर्वक 15 साल पूरे कर लिए हैं। शो से जुड़े सभी कलाकारों ने बेहिसाब प्यार देने के लिए फैंस का शुक्रिया अदा किया है। शो के प्रोड्यूसर असित मोदी ने ऐलान किया कि वे जल्द ही अहम किरदार ‘दया भाभी’ को वापस लाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि 15 साल के इस सफर के पूरा होने पर सभी को बधाई। एक कलाकार जिसे हम कभी भूल नहीं सके वो हैं दिशा वकानी यानी दया भाभी। उन्होंने न सिर्फ फैंस बल्कि हमें भी इतने सालों में बहुत हंसाया। फैंस को उनकी वापसी का इंतजार है और मैं आपसे वादा करता हूं कि दिशा वकानी ‘तारक मेहता का उल्टा चश्मा’ में जल्द वापस आ रही हैं। पिछले दिनों शो छोड़ने के बाद पहली बार दिशा का वीडियो सामने आया था, जिसमें वे अपने व्लॉग में फैंस से मिलती नजर आ रही थीं। दिशा मेकअप बगैर बहुत सरल अंदाज में नजर आईं। फिलहाल दिशा बच्चों के साथ पूरा वक्त बिता रही हैं। पहली प्रेग्नेंसी के बाद से वे शो में वापसी नहीं कर सकी हैं। कई बार ऐसे मौके आए जब कहा गया कि उनकी वापसी हो सकती है, लेकिन उनकी वापसी हो नहीं सकी, लेकिन इस बार मेकर्स के ऐलान के बाद लगता है कि उनका आना पूरी तरह से तय है। हालांकि इस बार दिशा की वापसी की खबरें जोरो पर इसलिए भी हैं क्योंकि हाल फिलहाल में मेकर्स ने कई बार इस तरह के हिंट दिए हैं और यह सब कुछ बैक टू बैक हुआ है। पिछले दिनों सीरियल में एक सीक्वेंस दिखाया गया जिसमें सुंदर भाई ने पूरी गोकुलधाम सोसायटी के सामने यह बात कही कि दयाबेन जल्द ही वापस आ जाएंगी। सुंदरलाल ने कहा, मां खुद माय डियर जीजाजी को फोन करके यह गुड न्यूज देने वाली थी। लेकिन अब मैं खुद आप सबको यह बताऊंगा कि माय डियर बहना कब आने वाली है। मैं आप सभी से यह वादा करता हूं कि मैं बहना को इस दिवाली से पहले गोकुलधाम सोसायटी में आप सबके पास ले आऊंगा। शो में दिखाए गए इस सीक्वेंस ने दया की वापसी को कंफर्क कर दिया था। अब मेकर्स ने भी यही बात इस सेलिब्रेशन के मौके पर कही है।



# फरदीन -नताशा शादी के 18 साल बाद लेंगे तलाक!



बॉलीवुड एक्टर फरदीन खान अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में आ गए हैं। खबरें आ रही है कि एक्टर की शादीशुदा जिंदगी ठीक नहीं चल रही हैं। फरदीन जल्द ही अपनी पत्नी नताशा माधवानी से तलाक ले सकते हैं। हालांकि इन खबरों पर कपल ने अभी चुप्पी साध रखी है। फरदीन खान और उनकी बीवी नताशा माधवानी अपनी शादी को तोड़ने जा रहे हैं। वह अलग होना चाहते हैं। पिछले कुछ समय से फरदीन खान और नताशा अलग–अलग ही रह रहे थे। जहां फरदीन खान अपनी मां के साथ मुंबई में रहते हैं तो नताशा लंदन में रहती हैं। फरदीन खान और नताशा दोनों ही बॉलीवुड फैमिली से ताल्लुक रखते हैं। नताशा माधवानी, 70–80 के दशक की सुपरहिट हीरोइन मुमताज की बेटी हैं। मुमताज ने मयूर माधवानी से शादी की थी, जिसके बाद उन्होंने दो बेटियों को जन्म दिया। एक बेटी का नाम तान्या और दूसरी का नताशा है। फरदीन खान और नताशा ने साल 2005 में शादी रचाई थी। दोनों की ग्रैंड वेडिंग में बॉलीवुड के कई सितारों ने शिरकत की थी। कपल के दो बच्चे भी है। और बड़ी हस्तियों ने शिरकत की थी। कपल के दो बच्चे हैं एक बेटी और एक बेटा। दोनों का एक बेटी डायनी इजाबेल खान और एक बेटा अजारियस खान है।

# बेहतरीन संवादों की पेशकश है ताली रियल स्टोरी पर है यह वेब सीरीज

क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज आर्या से लोगों का दिल जीतने के बाद, सुष्मिता सेन एक बार फिर ओटीटी पर छाने के लिए तैयार हैं। अपनी अगली वेब सीरीज ताली में वह एक ट्रांसजेंडर की भूमिका में नजर आने वाली हैं। इस सीरीज के फर्स्ट लुक के साथ ही यह चर्चा में आ गई थी। वहीं अब इसका दमदार टीजर भी रिलीज हो चुका है। टीजर में सुष्मिता अपने स्वाभिमान, सम्मान और स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ती नजर आ रही हैं। टीजर की शुरुआत सुष्मिता सेन के लाल बिंदी लगाने से होती है जो उनकी ताकत को दर्शाता है। इस टीजर के वॉइस ओवर में सुष्मिता कहती हैं, मैं गौरी, जिसे कोई हिजड़ा बुलाता है, तो कोई सोशल वर्कर, कोई नौटंकी तो कोई गेम चेंजर। ये कहानी इसी सफर की है, गाली से ताली तक। फिर फ्रेम उसके संघर्ष और सिस्टम के खिलाफ लड़ाई पर केंद्रित हो जाता है, जो तीसरे लिंग को पहचानने के लिए तैयार नहीं है। फिल्म में सुष्मिता का किरदार उग्र लग रहा है और वह श्रीगौरी सावंत के रूप में ऐसी रच बस गई हैं कि उनकी असली पहचान कहीं नजर नहीं आ रही। यह वेब सीरीज कोई फिक्शन नहीं बल्कि रियल लाइफ पर आधारित है। वह ट्रांसजेंडर एक्टिविस्ट श्रीगौरी सावंत का किरदार निभा रही हैं। रवि जाधव द्वारा निर्देशित, वेब श्रृंखला क्षितिज पटवर्धन द्वारा लिखी गई है और अर्जुन सिंह बारन, कार्तिक डी निशानदार और अफीफा सुलेमान नाडियाडवाला द्वारा समर्थित है। फिल्म का टीज़र शेयर करते हुए सुष्मिता सेन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, गाली से ताली तक के सफर की ये कहानी। पेश है भारत के तीसरे लिंग के लिए श्रीगौरी सावंत की लड़ाई की कहानी। आपको बता दें कि बीते साल से सुष्मिता अपने इस प्रोजेक्ट में बिजी थीं। गौरी सावंत ट्रांसजेंडर लोगों के गोद लेने के अधिकार के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर करने वाली पहली ट्रांसजेंडर थीं। पुणे में गणेश के रूप में जन्मी, वह महाराष्ट्र में चुनाव आयोग की सद्भावना राजदूत बनीं और राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए) मामले में याचिकाकर्ता थीं। 2008 में, उनकी मां के एड्स से पीड़ित होने के बाद उन्होंने गायत्री नाम की एक लड़की को गोद लिया। गौरी ने विक्स के एक विज्ञापन में काम किया



# टीवी शो कुछ अनकही सी में

## यह दिग्गज सिंगर बिखेरेंगी अपनी आवाज का जादू

स्टारप्लस पहली बार किसी फिक्शन शो के बैकग्राउंड के रूप में म्यूजिक का इस्तेमाल करने जा रहा है। बातें कुछ अनकही सी के साथ ये चैनल कुछ अलग और प्रासंगिक करने के लिए तैयार है। इस शो के साथ राजन शाही निर्माता के रूप में जुड़ रहे हैं। यह कहानी एक अनोखी आवाज वाली लड़की के जीवन और प्यार के बारे में है, जो सभी मुश्किलों के बीच म्यूजिक इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रही है। मोहित मलिक और सायली सालुंखे स्टारर ये एक म्यूजिकल फिक्शनल लव स्टोरी है, जो अलग–अलग बैकग्राउंड के दो मिडिल एज लोगों के इर्द–गिर्द घूमती है, जो जब मिलते हैं तो दुनिया के बारे में उनके विचार कैसे टकराते हैं और म्यूजिक उनके इस सफर में एक अहम रोल निभाता है। यह सबसे बड़ा म्यूजिकल टेलीविजन शो होने वाला है। स्टार प्लस अपने नए शो बातें कुछ अनकही सी को प्रमोट करने के लिए एक बॉलीवुड सिंगर को बोर्ड पर लाने जा रहा है, और अब उस पॉपुलर सिंगर के नाम का भी खुलासा हो चुका है जो कोई और नहीं बल्कि मशहूर गायिका उषा उथुप हैं। वेटरेन सिंगर एक म्यूजिक वीडियो के जरिए शो का प्रचार करती नजर आएंगी।